आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 248 ● कटनी ● बुधवार, 12 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## गिरफ्तार हो सकते हैं छेड़खानी के आरोपी विधायक

## टीसी, अटेंडर, पुलिस कर्मियों के हुए बयान





**भोपाल, यश भारत।** मध्यप्रदेश के दो कांग्रेस विधायकों सिद्धार्थ कुशवाहा और सुनील सराफ पर दर्ज हुए छेड़छाड़ के मामले में जांच तेज हो गई है। मामले की जांच कर रही जीआरपी एसपी जबलपुर में पदस्थ इंस्पेक्टर शशि धुर्वे ने घटना के दिन रेवांचल एक्सप्रेस में तैनात टीसी, अटेंडर, पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए हैं। सभी ने पीड़ित महिला के साथ विधायकों द्वारा अभद्रता की घटना को सही बताया है। अब ट्रेन में सवार अन्य यात्रियों के बयान लिए जाएंगे।इंस्पेक्टर शशि धुर्वे ने बताया कि विधायकों की गिरफ्तारी भी हो सकती है और पुलिस जमानत के लिए नोटिस भी दे सकती है, यह पुलिस पर निर्भर है। हालांकि, मामले में सात साल से कम सजा की धारा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार गिरफ्तारी नहीं हो सकती है, लेकिन पुलिस कोर्ट को मामले की गंभीरता बताकर गिरफ्तारी कर सकती है।बता दें महिला की शिकायत पर सागर पुलिस ने सतना से कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, कोतमा विधायक सुनील सराफ पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया था। इसके बाद जबलपुर जीआरपी ने मामले की जांच एसपी ऑफिस को सौंपी दी थी। इसकी जांच महिला इंस्पेक्टर शशि धुर्वे को दी गई है।

## WHO के अलर्ट के बाद हरियाणा सरकार ने कफ सिरफ के उत्पादन पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, यश भारत।** हरियाणा सरकार ने मेडेन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के कफ सिरप उत्पादन पर रोक लगा दी है. गांबिया में 66 बच्चों की मौत के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हरियाणा के मेडन फार्मास्युटिकल्स के तीन कफ सिरप के खिलाफ मेडिकल अलर्ट जारी किया था. इसके बाद से कंपनी के कफ सिरप पर विवाद गरमाया हुआ है।

# 4 संभागों में आज से मौसम होने लगेगा साफ

**भोपाल,यश भारत ।** राजधानी भोपाल सहित इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल संभागों के जिलों में आज से मौसम साफ होने लगेगा। रीवा, शहडोल, सागर एवं जबलपुर संभागों के जिलों में रुकरुककर वर्षा होती रहेगी। अलगङ्कअलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में रुकङ्करुककर वर्षा हो रही है। राजधानी में दस साल में अक्टूबर माह में पहली बार इतनी अधिक वर्षा हुई है। एक अक्टूबर से मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक भोपाल में 136.7 मिमी. वर्षा हो चुकी है। इसके पूर्व वर्ष 2019 में अक्टूबर माह में कुल 133.1 मिमी. वर्षा हुइ थी। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में हरियाणा पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। तमिलनाडु से लेकर उत्तरङ्कपूर्वी राजस्थान तक एक ट्रफ लाइन



बनी हुई है, जो मध्य प्रदेश से होकर गुजर रही है। एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उसके आसपास बना हुआ है। पूर्व

### राजधानी में दस साल में पहली बार हुई अधिक वर्षा

वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला के अनुसार, इन तीन मौसम प्रणालियों के असर से बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से नमी आ रही है। इस वजह से मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में रुकङ्करुककर वर्षा हो रही है। शुक्ला के मुताबिक मंगलवार को भी भोपाल, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन में गरजङ्कचमक के साथ वर्षा होने के आसार हैं। बुधवार से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल संभागों के जिलों में मौसम साफ होने लगेगा। रीवा, शहडोल, सागर एवं जबलपुर संभागों के जिलों में रुकङ्करुककर वर्षा होती रहेगी।पिछले 24 घंटों के दौरान मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक नरसिंहपुर में 120, रीवा में 82, सागर में 70.2, भोपाल में 69, जबलपुर में 67.4, सीधी में 65.2, खरगोन में 58.2, उमरिया में 51.7, खंडवा में 37.2, नर्मदापुरम में 36.6, रायसेन में 32, खजुराहो में 31.8, सतना में 31.4, मंडला में 28.2, पचमढ़ी में 17.4, दमोह में 17, मलाजखंड में 16.6, ग्वालियर में 14, दतिया में 7.8, इंदौर में 4.2, नौगांव में 2.4, शिवपुरी में एक, उज्जैन में 0.4, धार में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। गुना में बूंदाबांदी हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, भोपाल, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन में गरजङ्कचमक के साथ वर्षा होने के आसार हैं।

## नए मुख्य न्यायधीश के आने पर होंगी जजों की नियुक्तियां?



**नई दिल्ली (ईएमएस) ।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की बैठक में दो जजों की आपत्ति के बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया है।वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित का कार्यकाल अगले माह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में डीवाई चंद्रचूड़ के नाम की अनुशंसा सरकार को की है। बैठक में 11 जजों के नाम पर विचार किया गया। लेकिन पूर्ण सहमति नहीं बनने से बैठक को स्थगित कर दिया गया। कॉलेजियम के सदस्यों में से वरिष्ठ सदस्य डीवाई चंद्रचूड़ 30 सितंबर की बैठक में शामिल नहीं हुए थे।मुख्य न्यायाधीश ने पत्र के माध्यम से प्रस्ताव भेजा था।इस प्रस्ताव पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर ने प्रक्रिया पर आपत्ति जताई थी। इस स्थिति में अब नए मुख्य न्यायाधीश के पदभार ग्रहण करने के बाद ही कॉलेजियम की बैठक होगी। आगामी बैठक में नए जजों के नामों पर विचार किया जाएगा।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

# पहली बीवी और बच्चों को नहीं पाल सकता मुस्लिम पुरुष

## तो दूसरे निकाह की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी। इस्लाम में प्रचलित बहु-विवाह के संबंध में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अहम फैसला किया है। हाई कोर्ट ने एक मुस्लिम युवक को दूसरे निकाह की अनुमति नहीं दी।**

कोर्ट ने कहा, %यदि कोई मुस्लिम पुरुष अपनी पहली बीवी और बच्चों को पालने में सक्षम नहीं है, तो पवित्र कुरान के आदेश के अनुसार, वह दूसरी महिला से शादी नहीं कर सकता है।% अदालत ने यह भी कहा कि मुस्लिम पुरुष को दूसरे



निकाह का कानूनी अधिकार तभी है, जब पहली शादी कायम रहे।

### जानिए क्या है पूरा मामला

जस्टिस सूर्य प्रकाश केसरवानी और जस्टिस राजेंद्र कुमार की पीठ ने यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता मुस्लिम शख्स अपनी पहली बीवी की इच्छा के खिलाफ दूसरा निकाह करना चाहता था। हाई कोर्ट से पहले फैमिली कोर्ट में उसकी याचिका खारिज हो चुकी है। इसका बाद शख्स ने अपने दाम्पत्य अधिकारों का हवाला देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पवित्र कुरान के आदेश के अनुसार एक मुस्लिम पुरुष अधिकतम चार महिलाओं से निकाह कर सकता है लेकिन अगर वह सभी के साथ न्याय नहीं कर सकता है तो उसे केवल एक शादी की अनुमति है।



## वायु प्रदूषण से निपटने राज्यों ने सकारात्मक और दंडात्मक कार्रवाई की योजना तैयार की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक के दौरान वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राज्यों ने सकारात्मक और दंडात्मक कार्रवाई की योजना तैयार की है। यादव ने ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के राज्यों, दिल्ली सरकार और पंजाब के पर्यावरण मंत्रियों के साथ बैठक की थी। इस मौसम में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सभी हितधारकों की समन्वित कार्रवाई और सहयोग सुनिश्चित करना इस बैठक के आयोजन का उद्देश्य था। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री और पर्यावरण विभाग के प्रभारी मनोहर लाल खट्टर, हेमाराम चौधरी-राजस्थान, गोपाल राय-दिल्ली, डॉ। अरुण कुमार-उत्तर प्रदेश और गुरमीत सिंह मीत-पंजाब ने भाग लिया। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे भी बैठक में शामिल हुए। सीएक्यूएम ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के संबंध में विभिन्न पहलुओं और चुनौतियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। सीएक्यूएम ने इस मौसम के दौरान वायु प्रदूषण के प्रबंधन के लिए तैयार की गई गतिविधियों के साथ-साथ उठाए गए कदमों, निर्देशों और सुझावों के बारे में बताया। बैठक में जिन प्रमुख क्षेत्रों के बारे में चर्चा की गई, उनमें कृषि पराली जलाना, औद्योगिक प्रदूषण, डीजल जनरेटर सेटों से प्रदूषण, वाहनों से होने वाला प्रदूषण, विद्युत चालित, सड़क और खुले क्षेत्रों से धूल के साथ-साथ निर्माण और तोड़फोड़ के कार्यों से उत्पन्न धूल शामिल है। सीएक्यूएम ने संबंधित विभिन्न एजेंसियों द्वारा अनेक क्षेत्रों में लक्षित लघु/मध्यम और दीर्घकालिक कार्रवाई के लिए तैयार की गई है।

**केन्द्रीय मंत्री के साथ बैठक में निर्णय**

## गोवा के पास नौसेना का मिग-29 क्रैश, समंदर में कूदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौसेना का मिग-29 के फाइटर जेट गोवा के पास समंदर में क्रैश हो गया है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक हादसे में फाइटर जेट के पायलट बच गए हैं. क्रैश से ठीक पहले पायलट ने स्थिति को देखते हुए एयरक्राफ्ट से इजेक्ट कर समंदर में छलांग लगा दी थी जिससे उनकी जान बच गई। वहीं, बाद में नौसेना ने सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए पायलट को निकाला. फिलहाल पायलट की हालत स्थिर है. मिग-29 %के% फाइटर जेट के क्रैश होने के कारणों का



पता लगाने के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी को आदेश दिया गया है. समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मिग-29च्च लड़ाकू विमान गोवा तट पर नियमित उड़ान के दौरान बेस पर लौटते समय तकनीकी खराबी के कारण समुद्र में क्रैश हो गया।

## नर्सिंग कॉलेज के 24 सौ विद्यार्थियों का भविष्य अधर में

**भोपाल , यश भारत।** प्रदेश में बगैर मान्यता चल रही नर्सिंग कॉलेजों में अध्ययनरत 24 सौ विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। ज्यादातर कालेज बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं। सीबीआई जांच के बाद इन कालेजों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है तो विद्यार्थियों को दूसरे कालेजों में शिफ्ट करना प? सकता है। सूत्रों के माने तो सीबीआई ने प्रदेश के जिन 35 नर्सिंग कालेजों की जांच शुरू की है,



उन्हें 2019-20 के सत्र में मान्यता दी गई थी। इन कालेजों का निरीक्षण कराए बिना प्रवेश की अनुमति दी गई थी। प्रवेश होने के अगले साल यानी 2020-21 में भी इन कालेजों की जांच नहीं कराई गई कि यह मापदंड के अनुसार चल रहे हैं या नहीं। फर्जीवा?ा सामने आने के बाद जब ग्वालियर हाईकोर्ट के निर्देश पर जांच की गई तो 70 कालेज मापदंड के विरुद्ध संचालित होते मिले। इस पर इन्हें बंद कराया गया। जांच में शामिल 35 कालेजों में से 10 भी इन बंद होने वालों में शामिल थे। इन कालेजों को जब मान्यता मिली थी तो प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद भी नर्सिंग कालेजों की जांच नहीं कराई गई। इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा भेजे दस्तावेजों को ही सही मानकर इन कालेजों की मान्यता यथावत रखी।

## रूसी हमले को लेकर यूक्रेन में अलर्ट

**लंदन, एजेंसी।** 12 अक्टूबर की सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव (Kyiv) में कई जगहों पर खतरे के सायरन (Siren) सुनाई दिए. कीव में कई जगह हवाई हमले को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है. लगातार हर आधे-एक घंटे पर सायरन बज रहे हैं. इसी के साथ लोगों को एयर रेड शेल्टर (Air Raid Shelter) के अंदर जाने के लिए कहा गया है. कीव से बाहर के लोगों को राजधानी में ना आने के लिए भी निर्देश जारी किया गया है.यूक्रेन में रूसी हमले और तेज हो गए हैं. अभी दो दिन पहले भी रूस ने कीव पर बमबारी की, जिसमें सड़कों पर हवाई हमले किए गए और आम नागरिकों को इससे काफी नुकसान पहुंचा।

## पुरुषों की बेइज्जती कर कमाती है लाखों रुपए

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन की 25 साल की मॉडल जेनिफर लव पुरुषों की बेइज्जती कर लाखों रुपए कमाती है। सुनने में यह अटपटा जरुर लगता है लेकिन ये सच्चाई है। पुरुषों की बेइज्जती कर यह मॉडल हर महीने लगभग 7 लाख रुपये कमाती हैं। इस मॉडल ने बताया कि कैसे लॉकडाउन के दौरान अचानक उनकी जिंदगी ठहर सी गई थी। पैसे की तंगी ने उन्हें घेर लिया था। फिर उनके दोस्त ने अनोखे तरीके से पैसे कमाने का सुझाव दिया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुरुआत में जेनिफर को उसके दोस्तों ने खूबसूत पैरों की फोटोज ऑनलाइन बेचने की सलाह दी थी लेकिन इसी बीच उसके कुछ क्लाइंट ने अजीबोगरीब मांग कर




### मॉडल रात में सिर्फ 2 घंटे करती है काम

डाली। यह अजीबोगरीब मांग थी बेइज्जत करने की। शुरू में जेनिफर को यह काम बहुत ही अजीब लगा लेकिन बाद में उसे प्रोफेशन के तौर पर अपना लिया। अब वह पुरुषों की बेइज्जती करके पैसे कमाती हैं और हर महीने लाखों रुपये कमाती हैं। सोशल मीडिया वह काफी सुर्खियां बटोर रही हैं।जेनिफर लव ने अपने खूबसूरत पैर के फोटोज के 10 सेकेंड के वीडियो के लिए करीब 4000 रुपये चार्ज करती हैं। शुरुआत में निजी तौर पर किसी भी क्लाइंट की बेइज्जती करने के 3 मिनट के वीडियो के लिए करीब 13 हजार रुपये लिए। बाद में जेनिफर ने 1 लाख रुपये तक लिए। इसे 'पेपिंग' कहा जाता है। 'पेपिग सेशन' में लोग पैसे देकर अपना मजाक उड़वाते हैं। यूरोप में इसका ट्रेंड चलन काफी तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, वेबकॉम मॉडलिंग बहुत ही खतरनाक प्रोफेशन है। जेनिफर लव कभी वेट्रेस का का काम करती थीं। आज पूरे यूके में उनकी चर्चा है। वह अपने काम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहती हैं, 'मैं शुक्रवार और शनिवार की रात अपने बेडरूम में जाती हूं। मेक-अप करती हूं।

## छत्तीसगढ़ से आए हाथियों के दल ने ग्रामीण को कुचला

**डिंडौरी गोरखपुर, यश भारत। छत्तीसगढ़ की सीमा में स्थित जिले के पश्चिम करंजिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत किन्द्रा बहरा गांव निवासी 50 वर्षीय ग्रामीण को हाथियों के दल ने कुचल दिया। मौके में ही संबंधित ग्रामीण नन्दू पिता ईतवारी बैगा की मौत हो गई। बताया गया कि लकवाग्रस्त होने के कारण नंदू भाग नहीं पाया।**

जानकारी में बताया गया कि छत्तीसगढ़ के जंगलों से सात हाथियों का झुंड एक बार फिर डिंडौरी जिले की सीमा में प्रवेश कर गया है। मंगलवार की देर शाम हाथियों के झुंड ने पंडरीपानी वन ग्राम के पास किन्द्रा बहरा गांव में एक ग्रामीण को कुचल



कर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी में बताया गया कि इसी गांव के आसपास अभी भी जंगलों में हाथियों का झुंड घूम रहा है। यहां धान सहित अन्य फसल को नुकसान भी हाथियों ने पहुंचाया है।

गौरतलब है कि विगत एक वर्ष से जिले में लगातार हाथियों का आना बना हुआ है। जागरूकता के अभाव में कई लोग इसके शिकार हो रहे हैं। वन विभाग के जिम्मेदारों पर भी लापरवाही बरतने के आरोप लग रहे हैं। दो माह पहले भी डिंडोरी वन परिक्षेत्र के न्यूसा गांव के पास भी हाथियों के झुंड ने एक ग्रामीण को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया था। लगातार हाथी डिंडौरी जिले में हिंसक हो रहे हैं। घरों को तोड़फोड़ करने के साथ यहां रखे अनाज को भी खा रहे हैं। धान की फसल पक कर तैयार है, ऐसे में हाथियों की आवक एक बार फिर बढ़ गई है। बताया गया कि वन विभाग के जिम्मेदार हाथियों के आने की जानकारी भी आसपास के गांव के लोगों को नहीं देते। ऐसे में लोग सतर्क भी नहीं हो पाते और इस तरह की घटनाएं हो जाती हैं।

**अदालत ने रद्द की एफआईआर**

## कुमार विश्वास और तजिंदर बग्गा को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से कवि कुमार विश्वास और भारतीय जनता पार्टी के नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा को बड़ी राहत मिली है. अदालत ने दोनों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के निर्देश दिए हैं. अदालत के फैसले के बाद कुमार विश्वास ने प्रतिक्रिया दी.कुमार विश्वास ने लिखा-सरकार बनते ही,मुझ पर स्न्न्क्र करके असुरक्षित आत्ममुग्ध बौने ने



जो पंजाब-पुलिस मेरे घर भेजी थी उस बेबुनियाद स्न्न्क्र को आज उच्च न्यायालय पंजाब ने ख़ारिज कर दिया.न्यायपालिका व मुझे प्यार करने वालों का आभार. प्यारे अनुज भगवंत मान को पुनः सलाह कि पंजाब के स्वाभिमान को बौनी-नज़रों से बचाए.बीजेपी नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेता डॉक्टर सनी सिंह ने इस साल एक अप्रैल को मोहाली में धार्मिक भावना भड़काने के आरोप में एक केस दर्ज कराया था. दरअसल बग्गा ने %द कश्मीर फाइल्स% फिल्म पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी के बाद उन पर निशाना साधा था. उन्होंने केजरीवाल को कश्मीरी पंडित विरोधी बताया था.वहीं कवि कुमार विश्वास पर रोप? में केस दर्ज कराया गया था. उन पर आरोप था कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को खालिस्तान समर्थक बताया है. शिकायत दर्ज कराने वाले का कहना था कि कुमार विश्वास के इस बयान से आम आमदी पार्टी की छवि खराब हुई है. उसका कहना था कि इसकी वजह से जब वह प्रचार करने गए तो उन्हें खालिस्तान समर्थक कहा गया. मामला दर्ज होने के बाद पंजाब पुलिस कवि के गाजियाबाद स्थित कुमार विस्वास के घर भी गई थी।

# शरद पूर्णिमा की मधुर चांदनी रात में हुआ महारास का भव्य आयोजन



**कटनी, यशभारत।** सतत सक्रिय जिले की सामाजिक सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्था सुदर्शना ने धूमधाम से मनाया शरदोत्सव बड़ी संख्या में उपस्थित रही। सुदर्शनाओं के महारास से गोकुल बन गया था जहां राधा कृष्ण की सुंदर वेशभूषा में सजी जोड़ियों ने किया महारास। आयोजक विज्ञा ग्रुप की अनीता सिजारिया अन्नू सरावगी, मनीषा त्रिसोलिया, पूनम त्रिसोलिया, निधि त्रिसोलिया प्रीति डेंगरे, नीलम जार,राजुल मिश्रा, अंजू अग्रवाल और शुभांगी द्वारा माँ जगदम्बा की आरती नृत्य प्रस्तुति के साथ की और सभी अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनन्दन और तिलक चंदन किया गया। महारानी ग्रुप में शरद सुंदरी का ताज सुदर्शना श्रीमती कल्पना कोटक और गरबा क्वीन का ताज सुदर्शना श्रीमति निकिता कोटक को मिला बेस्ट ड्रेस अवार्ड श्रीमती शशी यादव ,बेस्ट स्टैप बेस्ट स्टैप अवार्ड रूबी बरसैन्या को मिला और बेस्ट एनर्जी अवार्ड सुदर्शना कल्पना कोटक को मिला। बहूरानी ग्रुप में शरद सुंदरी का ताज और अवार्ड सुदर्शना श्रीमती आकांक्षा बरसैंया को गरबा क्वीन का ताज और अवार्ड सुदर्शना श्रीमती दीपाली गुप्ता ,बेस्ट स्टैप अवार्ड सुदर्शना श्रीमति नीतू गुप्ता ,बेस्ट ड्रेस अवार्ड सुदर्शना श्रीमती प्रियंका गुप्ता और बेस्ट एनर्जी अवार्ड सुदर्शना श्रीमती तनु गुप्ता को मिला ।कार्यक्रम के तीसरे चरण में अवंतिका ग्रुप की मीना शर्मा ,कल्पना कोटक ,निकिता कोटक ,सुनीता चौदहा ,शशी यादव , मीना खण्डेलवाल ,अनीता वैश्य, भावना आहूजा ,सोनल सचदेवा ने धमाकेदार डांडिया रास की अनुपम प्रस्तुति से मंच लूट लिया । दिव्या ग्रुप की अनुपम प्रस्तुति दुर्गा लक्ष्मी काली के अवतार में विभा कंडेले ,शोभा राय , अंजलि सोनी की पूजा अर्चना नृत्य आरती , पंडा स्नेहलता सोनी साथ ही भवानी की पूजा, दीपाली गुप्ता नीतू गुप्ता ,प्रियंका गुप्ता ,किटी गुप्ता ,तनु गुप्ता ,ने सबको आश्चर्य चकित कर दिया। विजया ग्रुप, राधिका ग्रुप और प्रज्ञा ग्रुप की रूबी बरसैन्या शोभा अग्रवाल सुनीता कनकने, रजनी कनकने अलका अग्रवाल, कान्ता भौमिया, लक्ष्मी दीक्षित, रंजना गर्ग, शांति तिवारी, शांति शर्मा , माया तिवारी, रेखा पंजवानी ने महारास की अपने अद्भुत प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इसके बाद धान्या ग्रुप की आकांक्षा बरसैन्या, जया ग्रुप की अनामिका बाजपेई और निहारिका ग्रुप की सीमा नाहर के एकल नृत्यों ने सभी को मुग्ध कर दिया ।

**शरद सुंदरी और गरबा सुंदरी प्रतियोगिता**

## शुक्र अस्त होने से मूहुर्त पर असर

# कल मनेगा करवा चौथ





कटनी, यशभारत पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इस साल करवा चौथ काफी खास होने वाला है। क्योंकि इस साल शुक्र अस्त हो रहा है। शास्त्रों के अनुसार शुक्र अस्त होने पर किसी भी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य करने की मनाही होती है। 20 नवंबर तक शुक्र अस्त रहेगा। ऐसे में किसी तरह का मुंडन-छेदन, ग्रह प्रवेश, विवाह आदि कार्य की मनाही होती है। इसलिए अगर आप पहली बार करवा चौथ का व्रत रख रही हैं, तो इस बातों का खास ख्याल रखें। पंडितों के अनुसार, करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इस दिन मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा की जाती है। इसके साथ ही दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को चंद्रमा के दर्शन और अर्घ्य देने के बाद व्रत खोलती है।करवा चौथ की चतुर्थी तिथि 12 अक्टूबर 2022, बुधवार को रात में 2 बजकर 03 मिनट से शुरू होगा जो 13 अक्टूबर 2022, गुरुवार को रात 2 बजकर 58 बजे पर समाप्त होगा। इसलिए 13 अक्टूबर को ही करवा चौथ का व्रत रखना शुभ होगा। पंडित जगन्नाथ गुरुजी के अनुसार, कई महिलाएं लगातार 16 साल व्रत रखने के बाद उद्यापन कर देती हैं, लेकिन कई लोग जीवन भर रहती हैं। अगर आप भी इस बार उद्यापन करने की सोच रही हैं, तो न करें। क्योंकि शुक्र अस्त होने से शुभ फल प्राप्त नहीं होगा। इसके साथ ही जो इस साल से करवा चौथ व्रत का शुरुआत करने वाली है वह भी इस साल से न करके अगले वर्ष से करें, तो बेहतर है। बहरहाल कटनी में आज करवा चौथ पर बाजार में खूब रौनक दिखी जगह जगह सजे हुए करवे बिकते रहे। ग्राहकी में भी इजाफा हुआ है।

# दिवाली की तैयारियों पर भारी बारिश

## बीती रात फिर हुई झमाझम, अगले दो तीन दिन भी बारिश के संकेत



कटनी, यशभारत बीती मंगलवार की रात एक बार फिर से बारिश ने दिवाली की तैयारी कर रहे लोगों को परेशानी में खड़ा कर दिया। घरों की सफाई पुताई का काम लोग बारिश की चिंता से शुरू नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार दिन भर तो मौसम खुला रहा लेकिन देर रात फिर से बारिश शुरू हुई जो देर तक जारी थी। मौसम विभाग ने अगले दो दिन बारिश की संभावना जताई है। इस साल मौसम का अलग ही मिजाज देखने को मिल रहा है।

बीते करीब एक सप्ताह से दोपहर बाद शाम होते होते अचानक मौसम बदल जाता है और बादल छाते ही बारिश होने लगती है। दिन में धूप भी निकली हुई थी। रात करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत तो मिलती है लेकिन जैसे ही सुबह धूप निकलती है उमस ज्यों की त्यों हो जाती है। कज भी सुबह से आसमान साफ था और धूप निकली हुई थी। लेकिन दोपहर बाद मौसम अचानक बदल गया। रात होते-होते तेज बारिश शुरु हो गई। इसके एक दिन पहले हैरान कर देने वाला नजारा ये था कि जिस दौरान मूसलाधार बारिश हो रही थी उस समय धूप भी निकली हुई थी। यही वजह है कि बीते शनिवार को तो बारिश आकर्षण का केन्द्र बन गई। बतादें कि बारिश के मौसम के शुरुआती दौर में जिले में सूखे जैसे हालात बन गए थे, लेकिन अगस्त के अंतिम सप्ताह से बारिश ने रफ्तार पकड़ ली। जिसके बाद सितंबर के महीने काफी बारिश हुई। इसी बारिश के कारण जलसंकट की स्थिति समाप्त हुई है। सितंबर का महीना समाप्त होने के बाद भी बारिश का दौर खत्म नहीं हो रहा है। अक्टूबर महीने में अब तक की स्थिति में तीन से चार बार अच्छी मूसलाधार बारिश हुई है। बारिश के कारण कुछ स्थानों में जलभराव तक की स्थिति बनी है।



# हिंदू जागरण मंच ने दीप जला कर मनाया महाकाल लोक लोकार्पण दिवस

कटनी, यशभारत पृथ्वी नाभि पर स्थित बाबा महाकाल उज्जैन के मंदिर परिसर मैं सनातन का संगम नवीन कॉरीडोर के भव्य लोकार्पण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया एवं बाबा महाकाल की नगरी में सनातन धर्म की आने वाली पीढ़ी और करीब से जान पाए एवं सनातन धर्म की महिमा का गुणगान करते इस कॉरिडोर के लोकार्पण को बाबा महाकाल का आशीर्वाद मानते हुए हर्ष और खुशी के साथ इस दिन को सनातन उत्सव के रूप में मनाया गया। इसी श्रंखला में कटनी में सुभाष चौक पर हिंदू जागरण मंच भारत मजदूर संघ और धर्म प्रिय बंधुओं ने बाबा महाकाल की आरती कर 108 दीपक प्रज्वलित कर ढोल नगाड़ों के साथ आरती कर प्रसाद वितरण किया और जय जय महाकाल के नारे लगाए सभी ने इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को साधुवाद दिया कार्यक्रम में उपस्थित हिंदू जागरण मंच जिला महामंत्री प्रहलाद सरावगी भारतीय मजदूर संघ प्रदेश संगठन मंत्री कमलेश पटेल, सुरेंद्र चक्रवती, राहुल सोनकर, पंकज गुप्ता, नवीन तिवारी, अविनाश जैन, ज्वाला पटेल, प्रशांत कुमटाकर, ,संयम सरावगी, कंधी रजक, विजय पटेल, मनीष दुबे आदि सैकड़ों भक्त गण उपस्थित थे

# मालवाहक पलटा, एक की मौत

## महिलाओं सहित एक दर्जन घायल, चार गंभीर,बरही-अमरपुर मार्ग पर दुर्घटना



**कटनी/बरही, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत अमरपुर रोड पर ग्राम बरछड़ के पास यात्रियों से भरा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके कारण वाहन में सवार महिला की मौत हो गई जबकि महिलाओं सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मालवाहक में सवार होकर कुछ महिलाएं व कुछ पुरूष आज दोपहर रझौड़ी से अमरपुर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम बरछड़ के समीप माल वाहक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके कारण उसमें सवार 70 वर्षीय चंदा बाई नामक महिला की मौत हो गई जबकि 50 वर्षीय शंकुतला पति रामगोपाल पाल, फूल बाई, तिकिया बाई, द्वारका प्रासाद पाल, रामकिशोर पाल, गिरजा पाल, संपत पाल, रानी पति बैजनाथ पाल, बीरा पति रामकिशोर पाल घायल हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायलों में चिडडा पाल पिता रामदास पाल, झुलनिया पति जवाहर पाल, गुईया राम पति प्रसाद, सिया बाई राम कुमार पाल शामिल हैं। सभी घायलों को बरही अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को गहन उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चिकित्सक कविता पाठक का देहावसान

कटनी, यशभारत नगर की वरिष्ठ डॉ. श्रीमती कविता पाठक पत्नी डॉ. एसके पाठक का लंबी बीमारी एवं चिकित्सा के बाद 77 वर्ष की आयु में दिल्ली में 10 अक्टूबर को देहावसान हो गया। कटनी में सूचना प्राप्त होते ही चिकित्सक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। शोक संवेदना मृत आत्मा को शांति एवं परिजनों को वज्राघात सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु परमात्मा से प्रार्थना करने का दौर प्रारंभ हो गया है। कटनी से डॉ. प्रतिभा रमजन डा. एचएस नेमा, डॉ. चांडक, डॉ. वाय सुब्बाराव, डॉ. खंडेलवाल, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. वर्मा, डॉ. हरीश बजाज अध्यक्ष, डॉ. नरेन्द्र झामनानी सचिव, डॉ. वंदना, डॉ. सहाय, डॉ. नवीन कर्ण, डॉ. शोभित चौदहा, डॉ. सुषमा गट्टानी, डॉ. प्रवीण वैश्य, डॉ. विनय जैन, डॉ. अशोक चौदहा, डॉ. बीआर पंजवानी, डॉ. विनीत गुप्ता एवं अन्य चिकित्सक ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



# ओबीसी महासभा ने बरही थाना का किया घेराव





बरही,यशभारत। पिछड़ा वर्ग महासभा ने बरही थाना का घेराव करते हुए पुलिस मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए।बरही अस्पताल में पदस्थ बीएमओ डॉ. राममणि पटेल सहित अन्य शासकीय अधिकारियों के ऊपर हुए हमले के अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर ओबीसी महासंघ ने महामिम राज्यपाल के नाम बरही के तहसीलदार जीतेन्द्र पटेल को ज्ञापन सौपा। ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बीके पटेल का आरोप था कि पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों के ऊपर पिछले 6 माह से लगातार हमले हो रहे है, अपराधी खुलेआम घूम रहे है, जिन्हें पुलिस संरक्षण दे रही है, जिससे पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों में भय व्याप्त है। ज्ञापन में बरही-विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ओबीसी के ऊपर हो रहे अन्यायए अत्याचारों के विरोध में पूर्व सूचना के आधार पर बरही थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गयाए जिसमे मुख्य मांगे तहसीलदार बिजरावगढ़ के ऊपर हुए हमला एवं कुशवाहा समाज बिजरावगढ़ के ऊपर हुए मारपीट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही में डा. राम मणि पटेल के ऊपर हुए हमला प्रमुख मांगे शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत सदस्य प्रेम लाल केवट, डॉ. वी. के. पटेल प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी पिछड़ा वर्ग महासभा, सरवन सिंह पटेल प्रदेश महासचिव, डॉ. सुभाष पटेल, अमित पटेल प्रदेश संरक्षक आशा ऊषा महिला संगठन मध्य प्रदेश, हरपाल कुशवाहा, खेमराज पटेल समाज सेवी करौंदी कलाए राम सरोवर कुशवाहा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विजयरावगढ़, प्रदीप सिंह बौद्ध ओबीसी महासभाए आर एस जायसवाल कामता अध्यक्ष सर्व समाज पर्व समन्वय समिति, रामलाल चौधरी पूर्व सरपंच एराम चौधरी रावण, रामधनी पटेल, डॉ शंकर पटेल, द्वारिका प्रसाद कुशवाहा, दुर्गा प्रसाद कुशवाहा निरपत कुशवाहा, प्रदीप पटेल, बच्चों कोल, मुरली कोल, मुकेश चौधरी, देवेंद्र पटेल, खेमराज पटेल, श्याम लाल चौधरी, राज बहोर पटेल, रघुवीर प्रसाद, विकास कोल, बलीराम अमरनाथ पटेल, आनंद पटेल, राजा रजक आदि मौजिद रहे।

**राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौपा ज्ञापन,बीएमओ डॉ राममणि पटेल के हमलावरों को गिरफ्तार करने मांग**


# खिरहनी फाटक बना नशेड़ियों का अड्डा

**कटनी,यशभारत।** खिरहनी फाटक का क्षेत्र नशेडियों का पसंदीदा अड्डा बनता जा रहा है । फाटक के नजदीक दुर्गा देवी मंदिर के पास जहां एक ओर खुलेआम राजनीतिक व पुलिस की शह में अवैध दारू का कारोबार जोरों पर है तो वही इस क्षेत्र में स्मैक जैसे मादक पदार्थ की बिक्री भी हो रही है । बताया जाता है कि नशे के इस कारोबार में छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं की संलिप्तता है। धार्मिक स्थल के आसपास नशे का कारोबार होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं सहित संभ्रांत



महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है । आसानी से मिलने वाले स्मैक जैसे मादक पदार्थ की गिरफ्त में आकर शहर के युवा वर्ग का जीवन बर्बाद हो रहा है लेकिन जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस को कोई सरोकार नहीं है । गाहे-बगाहे पुलिस कार्रवाई के नाम पर अपनी पीठ थपथपा लेती है, लेकिन लाखों का अवैध कारोबार जमकर फल फूल रहा है।

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 1 दिन
रोजाना 4 शो ता. 07 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से



विक्रम वेधा
कलाकार- रितिक रोशन, सैफअली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 12.15 एवं सायं 6.30 बजे से




PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रवि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 3.45 एवं रात्रि 10 बजे से




गॉडफादर
कलाकार- चिरंजीवी, नयनतारा, सलमान खान, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 14 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से




डॉक्टर जी
कलाकार- आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह, सेफाली शाह, शिवा चड्डा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 12 अक्टूबर 2022


आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# लेटलतीफी का रिकार्ड बना रहीं ट्रेनें

## कटनी साऊथ में रात की बजाय सुबह आई अमरकंटक एक्सप्रेस, भोपाल में सुबह की बजाए शाम को पहुंची

यश भारत खास खबर

कटनी, यशभारत। ट्रेनों की लेटलतीफी का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर कटनी-शहडोल रेलखंड की ट्रेनें विलम्ब से चलने का नया रिकार्ड बना रही है। आलम यह है कि इस रूट पर चलने वाली ट्रेनें आधा या एक घंटे नहीं बल्कि 10 से 12 घंटे की देरी से चल रही है। यह सिलसिला पिछले करीब दो महीने से चल रहा है। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते यात्री परेशान हैं। रेल प्रशासन की उदासीनता और एनकेजे यार्ड से कोयला लदी मालगाड़ियों को ट्रेनों से पहले रवाना किए जाने के चलते अमरकंटक और नर्मदा एक्सप्रेस सहित करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें घंटों देरी से चल रही है। स्थिति यह है कि सुबह भोपाल पहुंचने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस शाम को और कटनी साऊथ में रात को आने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस सुबह आ रही है। ट्रेनों के देरी से चलने के बावजूद रेल प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ट्रेनें सही समय पर आती भी तो हैं, तो कटनी साऊथ से आगे के लिए रवाना होने के बाद मालगाड़ियों के कारण बेवजह लेटलतीफी का शिकार हो जाती हैं।





नर्मदा एक्सप्रेस भी पीछे नहीं, शाम की बजाए देर रात को पहुंच रही कटनी साऊथ स्टेशन, परेशान हो रहे मुसाफिर

### यात्री पूछ रहे, कब सुधरेगा ट्रेनों का परिचालन

कटनी साऊथ से शहडोल और भोपाल की यात्रा करने वाले यात्री ट्रेनों के बेवजह देरी से चलने के कारण पिछले कई महीनों से परेशान हैं। यात्रियों ने रेल अधिकारियों से सीधा सवाल किया है कि आखिर इस रूट में ट्रेनों का परिचालन कब सुधरेगा। विदित हो कि कटनी साऊथ स्टेशन से शहडोल और भोपाल की ओर नर्मदा एक्सप्रेस और अमरकंटक एक्सप्रेस का परिचालन प्रतिदिन किया जाता है। इस रूट से केवल दो ही ट्रेनें होने के कारण अधिकांश यात्री इन ट्रेनों से अपनी यात्रा करते हैं लेकिन ट्रेनों का टाइमटेबिल बिगड़ने के बाद आरामदायक की बजाए कष्टदायक यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यात्री पूछ रहे हैं कि आखिर कब तक इस रूट पर ट्रेनों की टाइमटेबिल में सुधार होगा।

### नर्मदा एक्सप्रेस का कुछ ऐसा ही हाल

कुछ इसी तरह का हाल इंदौर से चलकर बिलासपुर की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस का है। जानकारी के मुताबिक इंदौर से चलकर भोपाल जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस 10 अक्टूबर को शाम 06.40 बजे की बजाए रात 09:45 बजे कटनी और भोपाल सुबह 3:25 बजे की बजाए 07:44 बजे पहुंची। इसी तरह 11 अक्टूबर को शाम 06.40 बजे की बजाए रात 01.53 बजे कटनी साऊथ और भोपाल सुबह 3:25 बजे की बजाए 10:48 बजे पहुंची। भोपाल के साथ ही शहडोल की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस भी विलम्ब से चलने का कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। जानकारी के मुताबिक नर्मदा एक्सप्रेस 11 अक्टूबर को कटनी साऊथ स्टेशन में सुबह 06 बजकर 50 मिनट की बजाए 8 बजकर 42 मिनट और शहडोल में सुबह 09:35 बजे की बजाए दो घंटे की देरी से 11.59 बजे पहुंची। इसी तरह आज 12 अक्टूबर को कटनी साऊथ स्टेशन में नर्मदा एक्सप्रेस बिफोर टाइम 6 बजकर 38 मिनट पर आई, लेकिन आगे जाकर यह लेट हो गई और शहडोल में सुबह 09:35 बजे की बजाए दो घंटे की देरी से 11.13 बजे पहुंची।

### यात्री गाड़ियों को रोककर मालगाड़ियों का परिचालन पहले

एनकेजे यार्ड से कोयला लदी मालगाड़ियों को ट्रेनों को रोककर गंतव्य के लिए रवाना किए जाने के चलते कटनी-शहडोल-बिलासपुर-भोपाल रेलखंड पर चलने वाली अमरकंटक और नर्मदा एक्सप्रेस सबसे ज्यादा प्रभावित है। दोनों ट्रेनें घंटों देरी से चल रही है। जानकारी के मुताबिक दुर्ग से चलकर भोपाल तक जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस 10 अक्टूबर को कटनी साऊथ स्टेशन में रात 3 बजे की बजाय सुबह 10:27 बजे और राजधानी भोपाल में शाम 06.10 बजे पहुंची। इसी तरह 11 अक्टूबर अमरकंटक एक्सप्रेस को कटनी साऊथ स्टेशन में रात 3 बजे की बजाए सुबह 07.34 बजे और भोपाल में शाम 03.50 बजे पहुंची। आज 12 अक्टूबर को भी यह ट्रेन घंटों विलम्ब से चलते हुए सुबह 11.32 बजे कटनी साऊथ स्टेशन पहुंची। भोपाल के अलावा शहडोल जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस भी कई घंटे की देरी से चल रही है। अमरकंटक एक्सप्रेस 10 अक्टूबर को कटनी साऊथ में रात 11 बजे की बजाए सुबह 04 बजकर 13 मिनट और दुर्ग में सुबह 08.10 बजे की बजाए शाम 05:53 बजे पहुंची। इसी तरह 11 अक्टूबर को कटनी में रात 12.14 बजे और दुर्ग में सुबह 11.40 बजे पहुंची।

नेशनल हाइवे : कुठला



# खतरनाक हुआ आवागमन, रोज हो रही दुर्घटनाएं, फिर भी नहीं ले रहे सुध

कटनी, यशभारत। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस स्टेंड से कुठला जाने वाला मार्ग अत्यंत जर्जर और खस्तहाल होने के कारण इस मार्ग पर आगवामन न केवल जानलेवा बल्कि खतरनाक भी हो गया है। सीवर लाइन के लिए हुई खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत की तरफ ध्यान नहीं दिए जाने की वजह से इस समय सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और उसमे बरसाती पानी भर गया है। जिसके चलते वाहन चालकों को यहां से निकलने में भारी असुविधा हो रही है।

### सीवर लाइन के लिए हुई खुदाई के बाद नहीं बनी सड़क

ऐसा नहीं है कि इस मार्ग से जिले के प्रशासनिक अफसर एवं जनप्रतिनिधि नहीं गुजरते होंगे लेकिन इसके बाद भी सड़क की मरम्मत की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि बस स्टेंड से लेकर कुठला होते हुए इसके आगे की पूरी की पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। आलम यह है कि रोजाना यहां दुपहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का शिकार होते हुए आसानी से देखा जा सकता है। लोगों ने बताया कि गड्ढे भी इतने बड़े-बड़े हैं कि किसी स्वीमिंग पुल से कम नजर नहीं आ रहे। यहां से निकलते समय यदि सावधानी नहीं बरती तो दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

पुरैनी-चाका रोड



### ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड, अब तक नया टेंडर नहीं

बताया जाता है कि सीवर लाइन का निर्माण कर रही कंपनी को एक घटना के बाद ब्लेक लिस्टेड कर दिया गया था। यही कारण है कि बस स्टेंड की ओर सीवर लाइन निर्माण के लिए सड़क को खोदा गया था लेकिन इसके बाद नई सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा भी नए टेंडर के प्रति रूचि नहीं दिखाई जा रही है। जिसका खामियाजा शहर के लोगों को भोगना पड़ रहा है। आलम यह है कि स्थानीय रहवासियों के साथ ही यहां से गुजरने वाले लोगों को हर समय दुर्घटना का डर सताता रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब उनकी यूनीफार्म खराब न होती हो।



# कटनी ब्लड डोनर की बैठक में सामाजिक कार्यों को लेकर चर्चा

**कटनी, यशभारत।** कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी बैठक रौनक खंडेलवाल के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष लोकेश टीनू सचदेवा ने की। बैठक में अनेक प्रस्ताव पारित किए गए एवं सभी प्रस्तावों पर चर्चाएं की गई। बैठक में अनाथ आश्रम, जरूरतमंद लोगों में सामग्री वितरण दीपावली के पूर्व, पशु सेवा के लिए सामग्री उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। फर्स्ट एड किट टीनू सचदेवा द्वारा उपलब्ध कराने की बात कही गई। इसके अलावा बैठक में दीपदान महोत्सव, गोपाष्टमी, जरूरतमंद का भंडारा दयाल पोपटानी द्वारा नेत्रदान के क्षेत्र में कार्य करने, रक्तदाता सम्मान समारोह, पशु पक्षी भंडारा पुनः प्रारंभ करने को लेकर विचार विमर्श हुआ। साथी ही ड्रेस कोड फाइनल किया गया। इसके अलावा रजिस्ट्रेशन प्लस आई कार्ड बनवाने, शेरू का बिछौना यानी ठंड में पशुओं के लिए गद्दे तैयार करवाना, ठंड में गर्म कपड़े बांटना जैसे की स्वेटर या कंबल जैसे मुद्दों में चर्चा की गई एवं सभी की सहमति से कार्य किए जाएंगे। श्रीमती मोनिका दुबे ने आभार व्यक्त किया।



देहदान का संकल्प लेने के बाद सीएस को फार्म सौंपते खरे परिवार के सदस्य।

# एक ही परिवार के चार सदस्यों ने लिया देहदान का संकल्प

### दुबे कालोनी निवासी खरे परिवार की अनुकरणीय पहल

**कटनी, यशभारत।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही के तत्वाधान में यूनिट डायरेक्टर निशा तिवारी के मार्गदर्शन से संतोष जैन की अध्यक्षता में प्रशासन संचालक श्रीमती मंजू नेमा की उपस्थिति में फाउंडर मेंबर श्रीमती निर्मला कोहली, किरण खरे, दिलीप कोहली के सहयोग से दुबे कालोनी निवासी एक ही परिवार के सभी सदस्यों ने देहदान का संकल्प लिया है। जिसमे शेखर खरे, श्रीमती किरण खरे, सिद्धार्थ खरे, पुत्रवधु श्रीमती पूजा सिद्धार्थ खरे ने शहर और देश के लिए मेडिकल छात्र पढ़ाई कर सके, मरणोपरांत भी उनका शरीर काम आ सके। इस नेक कार्य में उन्होंने मरणोपरांत देहदान का फार्म भरकर सिविल सर्जन यशवंत वर्मा को सौंपा, इसके पहले श्रीमती निर्मला कोहली ने देहदान का फार्म जमा किया था। देहदान महादान कर उन्होंने जो नेक कार्य समाज के लिए किया है, वह अनुकरणीय है। मृत्यु के बाद भी अगर किसी के काम सके और विद्यार्थी पढ़ाई कर सके, ये सर्वश्रेष्ठ कार्य कर उनने अपना नाम अमर कर दिया। जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# विजयराघवगढ़ में भी देखा महाकाल लोक का लोकार्पण





**विजयराघवगढ़, यशभारत।** ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर के विस्तार एवं सौंदर्यीकररण के लोकार्पण अवसर पर कटनी जिले की तर्ज पर धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी नगर परिषद विजयराघवगढ़ में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में संकट मोचन मंदिर परिषद विजयराघवगढ़ में स्थानीय लोक कला मंडल द्वारा शाम 4 बजे से भगवान जगन्नाथ स्वामी एवं संकट मोचन भगवान का आचार्यों द्वारा पंचोपचार पूजन उपरांत सुंदरकांड का पाठ क्षेत्रीय भक्तजनों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। शाम 05:30 बजे से दीप पूजन एवं आचार्य का पूजन एव श्रीफल से सम्मान किया गया। शाम 6 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण उपस्थित जनों को दिखाया गया। इस अवसर रामावतार त्रिपाठी की भी उपस्थिति रही।

### कन्हवारा में निकली धर्मध्वज यात्रा

कटनी, यशभारत। कन्हवारा में महाकाल लोक लोकार्पण पर धर्म ध्वज यात्रा निकाली गई। इसमें 9 बालिकाओं की देवी रूप में झाकियां निकाली गई। धर्म ध्वज यात्रा रविदास मंदिर से होते हुए प्राचीन शिव मंदिर पहुची। यहां कन्या पूजन व भोलेनाथ की महाआरती के बाद यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान महेश चौबे, बाल्मीक तिवारी, महेंद्र सोनी, नटराज, रतन आदिवासी, कमलेश चौधरी, संतगोपाल गिरि, संत अघोरी, संजय, बैजनाथ मौजूद रहे।

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**Required**

An Office Assistant Boy & Girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excel and Busy Accounting Software. Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to.

**M/s RK Dall & Food Products Katni Pvt. Ltd, MadhavnagarKatni Mo. 9827261961
Email - rk.katni@gmail.com**

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक
Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

mgm HOSPITAL We Care with Care
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 14th October 2022





TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave,
Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## कमलनाथ ने रखी थी आधारशिला

# महाकाल लोक पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा- श्रद्धा का श्रेय नहीं लिया जाता

**भोपाल , यश भारत। उज्जैन में महाकाल लोक का लोकार्पण के बाद इसका श्रेय लेने के मामले में अब सियासत होने लगी है। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने महाकाल लोक के निर्माण को लेकर दावा किया है कि इसकी नीव कमलनाथ ने रखी थी। उन्होंने ही कैबिनेट में इसकी स्वीकृति और टेंडर जारी कर दिए गए थे। अब भाजपा इसका श्रेय ले रही है। श्रद्धा का श्रेय नहीं लिया जाता, वह तो आत्यामिक ध्येय के लिए होती है। हम कल के इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।**

गोविंद सिंह पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान राजा महाकाल की सनातन सत्ता के प्रति हम अपनी श्रृद्धा व्यक्त करते हैं। श्रद्धा श्रेय के लिए नहीं आध्यात्मिक ध्येय के लिए व्यक्त की जाती है। कमलनाथ सरकार ने उज्जैन की अलौकिक भूमि पर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के विकास और विस्तार के लिए न सिर्फ एक समग्र योजना बनाई, अपितु उसको मूर्तरूप देना भी प्रारंभ कर दिया था। अगस्त 2019 को मुख्यमंत्री कमलनाथ जी की अध्यक्षता में मंत्रालय में आहूत की गई बैठक में महाकाल मंदिर विकास की 300 करो? रुपये की इस योजना का विस्तृत ब्यौरा महाकाल मंदिर के पुजारियों और मंत्रिमंडल के सदस्यों के सम्मुख रखा गया। जिसमें फ्रंटियर यार्ड, नंदी हाल का विस्तार, महाकाल थीम पार्क, महाकाल कॉरिडोर, वर्केज लॉन पार्किंग आदि का विकास और निर्माण प्रथम चरण में प्रस्तावित किया गया।सिंह ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने महाकाल मंदिर के



विकास को तीव्र गति से किये जाने के संदर्भ में मंत्रियों की एक त्रिस्तरीय समिति भी गठित की, जिसमें उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, आध्यात्म विभाग के मंत्री पीसी शर्मा और नगरीय निकाय विभाग के मंत्री जयवर्धन सिंह को सदस्य बनाया गया था। 25 फरवरी, 2019 को प्रथम चरण के टेंडर इनवाइट करने के लिए नोटिस (NIT) जारी किया गया। महाकाल मंदिर के प्रथम चरण के विकास के लिए 7 मई 2019 को 97 करो? रुपये का वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया। कमलनाथ सरकार ने इसी प्रकार मप्र स्थित औंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर निर्माण के लिए भी 150 करो? रुपये का प्रावधान किया था।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कमलनाथ सरकार समूचे मप्र के मंदिरों के विकास और विस्तार की व्यापक योजना पर काम कर रही थी और इस दिशा में वह मप्र विनिर्दिष्ट मंदिर विधेयक, 2019 लेकर आई थी। इस विधेयक को विधानसभा से पारित कराकर महामहिम राज्यपाल के पास भेजा गया, तत्पश्चात राज्यपाल महोदय द्वारा इसे राष्ट्रपति जी के पास भेजा गया। हम प्रदेश की भाजपा सरकार से पूछना चाहते हैं कि क्या इस विधेयक को भाजपा सरकार ने राष्ट्रपति जी के यहां से वापिस बुला लिया है। अगर यह वापिस बुला लिया गया है तो मप्र के करोड़ों श्रद्धालुओं के साथ राज्य सरकार ने यह कुठाराघात क्यों किया, इसका जबाव देना होगा।



# भोपाल से मुंबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान में खराबी, ढाई घंटे बाद रवाना हुई

**भोपाल, यशभारत।** राजा भोज एयरपोर्टज़ पर एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआइ 634 में तकनीकी खराबी आई। जानकारी के अनुसार यह उड़ान मुंबई से सुबह 8:00 बजे भोपाल पहुंच गई थी। कुछ समय बाद यही उड़ान वापस मुंबई रवाना होनी थी। लेकिन मुंबई टेक ऑफ होने से पहले ही विमान के इंजन से आवाज आने लगी। सुरक्षा की दृष्टि से चालक दल ने विमान को एप्रेन पर ही रोक दिया। कंपनी के इंजीनियरों ने विमान की खराबी ठीक होने तक यात्रियों को सिक्योरिटी होल्ड एरिया में ही रुकने को कहा। यात्रियों को यहां बैठकर खराबी ठीक होने का इंतजार करना पड़ा। जिस समय उड़ान में खराबी आई थी, उस समय तक यात्री विमान में सवार नहीं हुए थे। फिटनेस मिलने के बाद विमान को रवाना किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस उड़ान से 115 यात्री भोपाल से मुंबई रवाना हुए।

### ढाई घंटे तक करना पड़ा इंतजार

उड़ान में खराबी के कारण यात्रियों को ढाई घंटे तक उड़ान ठीक होने का इंतजार करना पड़ा। उड़ान भोपाल से सुबह 8:10 बजे मुंबई के लिए रवाना होती है। उड़ान सुबह 10:40 बजे मुंबई के लिए टेक ऑफ हुई। कुछ यात्रियों ने इस पर नाराजगी प्रकट की। एयर इंडिया प्रबंधन ने यात्रियों को बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से विमान की जांच करना जरूरी है। पूरी तरह जांच और फिटनेस मिलने के बाद ही उड़ान को रवाना होने दिया गया। उल्लेखनीय है कि डेढ़ माह पहले भी एयर इंडिया की मुंबई फ्लाइट में खराबी आई थी। उस समय भी यात्रियों को परेशान होना पड़ा था।

# बड़ा तालाब में रेस्टोरेंट निर्माण पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

**भोपाल, यश भारत।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने बड़ा तालाब में नियम को ताक पर रख कर क्रूज रेस्टारेंट निर्माण मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। भोपाल के बड़े तालाब में क्रूज रेस्टारेंट निर्माण मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अब एनजीटी बड़े तालाब पर अवैध निर्माण से संबंधित सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करेगी। भोपाल रामसर साइट में फूल टेंक लेवल (एफटीएल) में 50 मीटर के दायरे में निर्माण को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की गई थी। इसे एनजीटी ने गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। एनजीटी ने इस मामले में नगर निगम, वेंटलैंड अथॉरिटी समेत संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब किया है। बड़े तालाब के बोट क्लब के पास ही 10 हजार वर्गफीट जमीन पर क्रूज रेस्टारेंट निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण नियमों का उल्लंघन कर किया जा रहा है। जिस जगह पर रेस्टारेंट का निर्माण किया जा रहा था, वह वेटलैंड एरिया है। सोशल एक्टिविस्ट राशिद खान ने कहा कि लगातार बड़ा तालाब रामसर साइड के किनारे अवैध निर्माण करने के प्रयास होते हैं, जिन पर आपत्ति के बाद रोक लगा दी जाती है। लेकिन जगह के रेस्टारेंशन को लेकर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

# अकाउंट ऑफिसर को बैरागढ़ थाने में शिकायत करना पड़ा भारी

## SI ने समझौता न करने पर एनकाउंटर की धमकी दी

**भोपाल, यश भारत।** राजधानी भोपाल के बैरागढ़ थाने में एक अकाउंट ऑफिसर को शराब पीकर गाड़ी को टक्कर मारने वाले की शिकायत करना भारी पड़ गया। थाने के एएसआई पर आरोप है कि उन्होंने समझौता नहीं करने पर एनकाउंटर की धमकी दी। साथ ही उनके खिलाफ ही मारपीट का केस दर्ज कर किया। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच के आदेश दिए हे।भोपाल के बैरागढ़ थाने के एएसआई लवकुश पांडे पर अकाउंट ऑफिसर शैलेंद्र सिंह बहादुर ने गंभीर आरोप लगाए है। शैलेन्द्र सिंह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सीहोर में पदस्थ है। शैलेन्द्र ने बताया कि वह 8 अक्टूबर की रात को अपने भाई को भोपाल रेलवे स्टेशन पर छोड़कर वैगनार वाहन से वापस सीहोर जा रहे थे। रात 11.45 बजे मारूती सुजुकी ऑमिनी वाहन ने चंचल चौराहा बैरागढ़ में उनके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इससे उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।शैलेंद्र ने बताया कि उस समय ऑमिनी वाहन चालक शराब के नशे में वाहन



चला रहा था। उन्होंने उसे रोक कर शराब के नशे में वाहन न चलाने की अपील की। इस पर वाहन चालक ने उनके परिवार के साथ दुर्व्यहार कर वाहन लेकर भागने का प्रयास किया। जिसे रोक कर पुलिस को सूचना दी गई। शैलेन्द्र ने बताया कि पुलिस के आने पर वह उक्त वाहन चालक के साथ बैरागढ़ थाना पहुंचे। जहां एएसआई लवकुश पांडे को घटना के संबंध में जानकारी दी। शैलेन्द्र का आरोप है कि लवकुश पांडे ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बजाय उससे सांठ-गाठकर मामला रफा-दफा करने, उन्हें मारने-पीटने की धमकी दी। असंवैधानिक भाषा का इस्तेमाल कर एनकाउंटर करने की धमकी दी और उनके भतीजे आदर्श सिंह को थाने के अंदर ही सर्विस रिवाल्वर दिखाकर एनकाउंटर करने और मारपीट के झूठे केस में फंसाकर भविष्य खराब करने की धमकी दी।

शैलेंद्र सिंह का कहना है कि एएसआई की धमकियों से मामला रफा दफा नहीं करने पर आरोपी ओमिनी चालक से ही उनके खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज करवायी गई। जो की झूठी और तथ्यों से परे है। शैलेंद्र सिंह ने घटना स्थल के सीसीटीवी और फुटजे की जांच करने की मांग की है। साथ ही झूठी एफआईआर को समाप्त करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने एएसआई लवकुश पांडे के पक्षपात पूर्ण और गलत व्यवहार के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## विदिशा में पुलिस की वर्दी पर फिर लगा दाग

# शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, एसपी ने किया ससपेंड

**भोपाल , यश भारत।** मध्य प्रदेश के विदिशा में लोगों की सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मी पर एक नाबालिग बच्ची के साथ मारपीट और दुराचार करने का आरोप लगा है। मानवता को शर्मसार करने वाला ताजा मामला विदिशा के तयौंदा से सामने आया है। जिसने एक बार फिर महिलाओं कि सुरक्षा पर कई सवाल खड़े किए हैयह मामला विदिशा के त्यौंदा का बताया जा रहा है जहां एक नाबालिग छात्रा ने पुलिसकर्मी पर मारपीट और दुराचार करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद सिविल लाइन थाना ने नाबालिक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। त्यौंदा क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी जिसके साथ जबरदस्त मारपीट की गई। जिससे निशान उसके चहरे पर साफ दिखाई पड़ रहे हैं।त्यौंदा थाना क्षेत्र की एक नाबालिक किशोरी ने विदिशा में सिविल थाने के एक आरक्षक गोविंद गौड की शिकायत लेकर आई थी। किशोरी का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने उसे एसपी ऑफिस जाने से रोका और विदिशा से आगे एक ढाबे पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की। वहां मौजूद दो युवकों ने मारपीट को रोका और किशोरी को सुरक्षित लेकर आए। नाबालिग किशोरी को अपनी मोटर बाइक पर लाने वाले व्यक्ति का भी कहना है कि उसके साथ मारपीट और अन्य घटना हुई है। उसका कहना है इस पुलिसकर्मी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसके अलावा टीआई सिविल योगेंद्र सिंह दांगी ने भी मामला दर्ज करने की बात कही है। बताया जा रहा है कि किशोरी के चेहरे और शरीर पर कई जगह चोटों के निशान स्पष्ट देखे जा सकते हैं। बाद में सिविल लाइन थाने में मामले की शिकायत की। सिविल लाइन थाना टीआई योगेंद्र सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए किशोरी की शिकायत पर आरक्षक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया।

# महाकाल लोक का श्रेय लेने के आरोप पर नरोत्तम का कमलनाथ पर पलटवार

## बोले अच्छे काम की तारीफ करें- नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल, यश भारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उज्जैन में श्री महाकाल लोक का लोकार्पण किया गया। इससे पहले श्री महाकाल लोक पर श्रेय लेने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो गए है। कमलनाथ के महाकाल कॉरीडोर का बीजेपी पर श्रेय लेने के आरोप पर गृहमंत्री और प्रवक्ता नरोत्तम मिश्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि अच्छा काम हो रहा है तो कमलनाथ तारीफ करें। हमारी सरकार ने महाकाल कॉरीडो का प्रस्ताव 2017 में पारित किया। 2018 में ष्क्कक्को मंजूरी मिली। इसका निर्माण 2020 को निर्माण शुरू हुआ। यह कमलनाथ की सरकार में ठंडे बस्ते में चला गया था। मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ जी को



झूठ बोलने का सगल है, पहले किसानो,नौजवानों से झूठ बोला और अब महाकाल से बोल रहे है। मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ जी बाबा महाकाल से झूठ मत बोलो।

मध्य प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है। आजादी के बाद दो महापुरुष सरदार पटेल और नरेंद्र मोदी है, जिन्होंने मंदिरों की जीर्णोद्वार किया है। सोमनाथ का जीर्णोद्वार सरदार पटेल ने किया। नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की आधारशीला रखी। बाबा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अब श्री महाकाल लोक जिसमें शिव परिवार विराजमान है। उसका आज लोकार्पण करने प्रधानमंत्री आ रहे है। इस लोक का निर्माण भविष्य के 50 साल को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह संस्कृति और विकास का अद्भुत संगम है।

## भोपाल को बाघों से कितना डर? टाइगर क्यों आ रहे शहरी क्षेत्र में? डीएफओ ने दिए हर सवाल के जवाब

**भोपाल , यश भारत।** भोपाल के शहरी क्षेत्र में बाघ के घुसने की लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं? क्या कारण है?जवाब- यह टी-123 बाघिन के बच्चे हैं। जो दो से ढाई साल की उम्र के हैं। वे अपना नया क्षेत्र बनाने में लगे हुए हैं। जिसे टेरेटरी कहते हैं। इसके लिए यह मूव करते रहते हैं। ऐसे ही मूव करते करते यह मैनिट तक पहुंच गए हैं। यह एक जगह नहीं रहते। चार-पांच दिन रहने के बाद दूसरी जगह की तरफ चल देते हैं।मैनिट में सात दिन से बाघ है, परिसर में लोगों की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं?जवाब- मैनिट प्रबंधन के साथ मिलकर बाघ की लोकेशन वाले एरिया को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। वहां वन विभाग से 40 से 50 का स्टाफ 24 घंटे तैनात है।

# आदिवासी संगठनों को एक मंच पर लाएंगे कमलनाथ, विधायकों को सौंपी जिम्मेदारी

**भोपाल यशभारत।** मप्र में अगले साल होने विधानसभा चुनाव होने हैं। मप्र की राजनीति के केंद्र में इस समय आदिवासी हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने में आदिवासियों का महत्वपूणज़् रोल रहा था। आदिवासियों को अपनी तरफखींचने की रणनीति से बेचैन कांग्रेस ने अब आदिवासियों को कांग्रेस से जोड़े रखने की प्लानिंग पर तेजी से काम शुरू कर दिया है।मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने कांग्रेस के आदिवासी विधायकों के साथ बैठक कर आदिवासी संगठनों को एक मंच पर लाकर चचाज़् करने की जिम्मेदारी दी है। बैठक में कांग्रेस के आदिवासी विधायकों से अलग-अलग क्षेत्रों में आदिवासी संगठनों के प्रभाव को लेकर चचाज़् की। बैठक में जयय के संरक्षक डॉ.हीरालाल अलावा, बाला बच्चन, अशोक मसज़्कोले, सुरेन्द्र सिंह बघेल, कांतिलाल भूरिया सहित आदिवासी विधायक मौजूद थे।बैठक में कमलनाथ ने विधायकों से कहा आदिवासियों को बांटने के लिए बीजेपी और आरएसएस कई प्रकार से प्रयास कर रहे हैं। आदिवासियों को आपस में लड़ाने और उपजातियों को बांटने की कोशिश हो रही है। इस सच्चाई को हमें बताना जरूरी है। आदिवासियों के शिक्षित और जागरूक युवाओं को प्रलोभन दिए जा रहे हैं। इसके बारे में आदिवासियों को बताने-समझाने की जरूरत है।



### आदिवासियों के संगठन बीजेपी कांग्रेस के लिए चुनौती

बैठक में मौजूद कांग्रेस विधायक और जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ.हीरालाल अलावा ने बताया आज पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ जी ने आदिवासी विधायकों के साथ बैठक हुई। बैठक में आदिवासी विधायकों के साथ आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ मिशन 2023 की चुनौती को लेकर चचाज़् हुई। इसमें आदिवासी समाज और आदिवासी सामाजिक संगठनों की भूमिका को लेकर चचाज़् की। हमने आदिवासियों के मूलभूत मुद्दे कमलनाथ जी को बताए हैं। उन्होंने आदिवासी संगठनों के साथ बैठकर चचाज़् करने की बात कही है। जल्दी ही कमलनाथ जी जयस सहित सभी आदिवासी संगठनों के साथ चर्चा करेंगे।

# तीन हफ्ते बाद सभी चीते सकुशल, अब भी बड़े बाड़े में छोड़े जाने पर संशय के बादल

**भोपाल, यश भारत।**मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो नेशनल पार्क में आए आठ नामीबियाई चीतों को तीन हफ्ते हो गए हैं। 17 अक्टूबर को उन्हें बड़े बाड़े में छोड़ा जाना है। पर कोर टीम की अंदरुनी लड़ाई और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी दिक्कतों की वजह से इस पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं। उधर, अधिकारियों का दावा है कि दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते और आने हैं। उनके लिए भी पार्क में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को अपने जन्मदिन पर नामीबिया से आए आठ चीतों को उनके छोटे बाड़ों में छोड़ा जाना था। एक महीने तक इन्हें क्वारंटाइन रखकर उनकी सेहत पर निगरानी रखी जानी है। उसके बाद उन्हें खास तौर पर तैयार किए गए 600 हैक्टेयर के बड़े बाड़े में छोड़ने की योजना है। हालांकि, बड़े बाड़े में चीतों को छोड़े जाने को लेकर एक राय नहीं बन पा रही है। सूत्रों का कहना है कि अगर सुलह नहीं हुई तो वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के वैज्ञानिक वायवी झाला छुट्टी पर जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी बताया जा चुका है कि झाला की मौजूदगी इस प्रोजेक्ट की सफलता के लिए अहम है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नामीबिया के चीता कंजर्वेशन फंड (सीसीएफ) ने भी इन चीतों को बड़े बाड़ों में छोड़ने के लिए अपने विशेषज्ञों को मध्यप्रदेश वन विभाग का सहयोग करने भेजा है। कुछ मुद्दे उठे हैं, जिनके समाधान के बाद ही चीतों को बड़े बाड़ों में छोड़ा जाएगा। इसके लिए चेकलिस्ट में कई मुद्दों का समाधान आवश्यक है। तब तक चीतों को क्वारंटाइन ही रखा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अंदरुनी बाड़े की ऊंचाई दो मीटर है और इसे मजबूती देना आवश्यक है। कई स्थानों पर इसमें समझौता होने की गुंजाइश बनी हुई है।

## M P में हैंडपंप से पानी के बजाए निकल रही शराब

# माफियाओं का कारनामा देख पुलिस हैरान

**भोपाल , यश भारत।** मध्य प्रदेश के गुना से कच्ची और जहरीली अवैध शराब बनाने वाले माफियाओं का बड़ा कारनामा सामने आया है। जहां शराब माफियाओं ने जमीन के अंदर टंकीयों को गड़ाकर जमीन में कच्ची शराब को छुपाकर रखा था। हैरान कर देने वाली बात ये है कि कच्ची शराब को निकालने के लिए हेडपंप लगा रखा था। जिसे देख कर पुलिसकर्मी भी दंग रह गए।

जानकारी के अनुसार माफियाओं ने जमीन के अंदर टंकियां गा? कर उस में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाकर छुपाई थी। आरोपी माफिया हैंडपंप से कच्ची शराब निकालकर इसकी सप्लाई किया करते थे। यह मामला गुना जिले के भानपुरा का बताया जा रहा है। पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के 2 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान हजारों लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। हालांकि, आरोपी भाग निकले। पुलिस ने 8 आरोपियों की पहचान कर ली है। दरअसल चांचौ?ा इलाके का भानपुरा गांव, यहां अधिकतर कंजर समुदाय के लोग रहते हैं। इस गांव का लगभग हर परिवार कच्ची शराब बनाने का काम करता है। इन्होंने जगह-जगह कच्ची



शराब की भट्टियां लगा रखी हैं। इसी तरह राघौग? इलाके का साकोन्या गांव। यहां भी ब?ी मात्रा में कच्ची शराब बनाई जाती है। ये दोनों गांव जंगली इलाके में हैं, इसलिए यह जगह कच्ची शराब बनाने के लिए मुख्य केंद्र बनी हुई हैं। जंगल होने का फायदा पुलिस की दबिश के दौरान भी मिलता है। लेकिन आरोपी फायदा उठाकर घने जंगलों में भाग जाते हैं।बता दें कि भानपुरा में चांचौ?ा एसडीओपी दिव्य और साकोन्या में राघौग? एसडीओपी के नेतृत्व में टीम ने एक साथ छापा मारा। लेकिन पुलिस को देखते ही आरोपी भाग निकले। सर्चिंग के दौरान जमीन में अंदर शराब के ड्रम मिले। यहां कच्चे झोप?ीनुमा घर बने हुए थे। पास में पानी का पक्का टैंक बना हुआ था। पुलिस ने खुदाई शुरू की तो कई ड्रम जमीन से निकलते गए।

वहीं चांचौ?ा थाना प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि टंकियों से कुछ दूरी पर एक हैंडपंप लगा था। इसी हैंडपंप से जमीन में गड़े हुए ड्रम से आरोपी शराब निकालते थे। फिर उन्हें छोटी थैलियों में भरकर बेचते हैं। एक छोटी थैली की कीमत लगभग 40 रुपए होती है। उन्होंने बताया कि शराब निकालने के लिए हैंडपंप का ही इस्तेमाल किया जाता है। इसमें नीचे एक 8-10 फीट का पाइप जुड़ा हुआ होता है। पाइप को जमीन में अंदर गड़े हुए ड्रम में लगा देते हैं। वहीं, दूसरे पाइप को बाहर रखे अलग ड्रम में लगाकर उसमें शराब भर देते हैं।





# महाकाल लोक के भव्य एवं दिव्य लोकार्पण का साक्षी बना कटनी

## उत्सवी माहौल में मंदिरों में भजन संध्या ,रामायण पाठ, शिवस्त्रोत, शिवार्चन और आरती का हुआ भव्य आयोजन

**कटनी,यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन में ज्योर्तिलिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा के विस्तार और सौंदर्यकरण के निमित्त नवनिर्मित भव्यतम श्री महाकाल लोक के प्रथम चरण का लोकार्पण किया। इस मौके पर राज्यपाल मंगु भाई पटेलऔर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। इस भव्य एवं दिव्य लोकार्पण समारोह के साक्षी कटनी वासी भी बनें।

जिले के हर गांव, हर शहर और हर घर में मंगलवार की शाम श्री महाकाल के नाम दीया जलाया गया। मंदिरों में पिछले दो-तीन दिनों से साफ-सफाई और व्यवस्थाओं के मद्देनजर व्यापक तैयारियां की गई। मंदिर प्रबंधन समितियॉ , पुरोहित, पुजारी और ग्रामीणों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से जिले भर में पुनीत अनुष्ठान का गरिमामय आयोजन संम्पन्न हुआ।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा जिले मे इस आयोजन के लिए सभी तैयारियां कर गरिमापूर्ण,भव्य एवं समारोहपूर्वक कार्य कार्यक्रम मनानें निरंतर दिशा -निर्देश देते रहे। देर शाम को स्वयं कटनी नगर निगम स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां जालपा मंदिर पहुचकर श्री महाकाल लोक के लोकार्पण कार्यक्रम में सहभागी बनें और स्वयं बैठकर कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। इस मौके पर विधायक संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

श्रद्धा, आस्था, भक्ति उल्लास और उमंग से भरपूर

### हर घर, हर गांव में भगवान महाकाल के नाम जले दीपक

इस आयोजन को सफल बनाने जन सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर में दीपमाला व दीपोत्सव के साथ आकर्षक विद्युतीय साज-सज्जा की गई।

जिले में इस दिव्य और अलौकिक आयोजन से युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति धर्म और अध्यात्म से अवगत होने का अवसर मिला। जिले में मुख्य रुप से कटनी शहर की शक्ति स्थल मां जालपा देवी मंदिर सहित बहोरीबंद के रुपनाथ मंदिर के आयोजन में विधायक बहोरीबंद प्रणय पॉडेय, जिला पंचायत के सीईओ जगदीश चंद्र गोमे और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत सिलौंडी स्थित मां विरासन देवी मंदिर में दीपोत्सव और पूजन - अर्चन के बाद लोगों ने पंगत में बैठकर भक्ति पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। जिले के सभी बड़े मंदिरों मे टी व्ही स्क्रीन पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन भाषण सहित श्री महाकाल लोक का लोंगों ने श्रद्धा पूर्वक प्रसारण देखा और सुना।

जालपा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व मंत्री श्रीमती अलका जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पूर्व जिलाध्यक्ष राम रतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, आशा कोहली, मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, रमेश सोनी, अवकाश जैसवाल, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, उमेन्द्र अहिरवार, पूर्व पार्षद अभिषेक ताम्रकार, पूर्व पार्षद शिल्पी सोनी, मनीष दुबे, रवि खरे, रणवीर कर्ण, ललित जायसवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों लालजी पंडा श्रद्धालु एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर कलेक्टर ने की सुनवाई

## संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** प्रत्येक मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की सुनवाई कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा स्थानीय समाधान कार्यक्रम के माध्यम से की जाती है। मंगलवार को कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्थानीय समाधान में लंबित शिकायतों पर सुनवाई की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए। आवेदक कैलाश प्रसाद चौधरी की लंबित शिकायत सचिव द्वारा आवेदक से लाभ प्रदाय करने के संबंध में शिकायत की गई



थी जिस पर दोषी सचिव पर कार्यवाही करते हुये प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये । इसके अलावा आवेदक अतुल सिंह द्वारा रोजगार सहायक एवं अतिथि शिक्षक के पद पर रह कर दोहरा लाभ प्राप्त किया गया है, उक्त शिकायत की जांच की जाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिये। एक अन्य आवेदन सुशांत विश्वकर्मा के लंबित शिकायत जिसमें आंगनबाडी केन्द्र किराया भुगतान लंबित है, पर शीघ्र जांच कर नियमानुसार भुगतान करते हुये प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा द्वार दिये गये। इस दौरान जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में 100 आवेदकों ने दिए आवेदन

## संबंधित विभागों को कार्रवाई के दिए गए निर्देश



**कटनी,यशभारत।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 100 आवेदकों ने आवेदन दिए। जिनपर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आदिम जाति कल्याण विभाग, आबकारी विभाग, आयुक्त निगम निगम, खाद्य विभाग पुलिस अधीक्षक एवं अन्य विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई में जिला पंचायत कटनी से संबंधित 10, तहसीलदार कटनी ग्रामीण से संबंधित 10 आवेदन प्राप्त हुये। इसके अलावा विभिन्न विभागों संबंधित अन्य आवेदनों पर अधिकारियों ने सुनवाई की और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



# निबन्ध, संगोष्ठी,रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिताएं

**कटनी,यशभारत।** राजीव गाँधी कला व वाणिज्य महाविद्यालय रीठी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 53 वा स्थापना दिवस मनाया जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुरेन्द्र प्रताप सिंह राजपूत ने अपने उदबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान और व्यक्तित्व एसमाज निर्माण के बारे में प्रकाश डाला। हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम 5 सितम्बर से 13 सितम्बर 2022 तक चलने वाले कार्यक्रम में निबन्ध, संगोष्ठी,रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सचिन रायएदुतीय स्थान उमा लोधी तृतीय स्थान रिया सोनी व रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तृप्ति धुर्वे, दुतीय स्थान रिया सोनीएतृतीय स्थान मुस्कान सोनीएसांत्वना स्थान में मनीषा सोनी व साक्षी राय रही इन सभी को स्थापना दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पुरस्कार देकर पुरुस्कृत किया गया इन सभी कार्यक्रमों में विशेष सहयोग डा. मनोज खरे, कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती ज्योति राजपूत एसहायक प्राध्यापकगणो में सतीश तिवारी, डॉ. बीरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, संतोष कुमार केवट, भानुप्रताप मिश्रा, भोलाराम पटेल, ग्रंथपाल अरविंद मेहरा, आर के निगम, विनयशंकर दुबे, भरत पटेल, कु जूनी राजपूत, सुरेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास, राजकिरण सिंह, आशीष तिवारी, आनंद पटेल, शुभम राय, रोहित पटेल, बराती लाल, रघुराज सिंह, दीपक कुशवाहा, संजय गौतम एवं समस्त रासेयो के स्वयं सेवक व छात्र-छात्राओं की उपस्थति रही।

# दो सचिवों के निलंबन, दो की वेतन वृद्धि रोकने और एक को सेवा समाप्ति का नोटिस

## 15 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार की ऑनलाइन प्रविष्टियां पूर्ण करें- सीईओ

**कटनी,यशभारत।** 15 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के अंतर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा की जा रही ऑनलाइन प्रविष्ठियां वास्तविक डाटा के परीक्षण और सत्यापन उपरांत पोर्टल पर दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश मंगलवार को जनपद पंचायत बहोरीबंद की समीक्षा बैठक में उपस्थित सचिवों को जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने दिए।

सीईओ श्री गोमे ने बैठक में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार की प्रगति की निर्धारित लक्ष्य के अनुसार ग्राम पंचायत वार समीक्षा की जाकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत बंधी धूरीए पथराड़ी पिपरियाए पटीराजाए स्लीमनाबाद और मवई के सचिवों द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने एवं समाधान कारक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर नाराजगी जताई। श्री गोमे ने निर्देशों के पालन में उदासीनता और लापरवाही पाए जाने पर ग्राम पंचायत बंधी धूरी एवं पथराड़ी पिपरिया के सचिवो की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने,



ग्राम पंचायत सचिव पटीराजा और स्लीमनाबाद को निलंबित करने और मवई के सचिव की बीस- पचास स्कीम के अंतर्गत सेवा समाप्ति के नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने न्यूनतम प्रगति वाली एवं आंशिक कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के सचिवों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने सख्त लहजे में कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 15 अक्टूबर तक ग्राम पंचायतों द्वारा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार की नौ प्रकार की थीम पर ऑनलाइन प्रविष्ठियां पोर्टल पर दर्ज की जावे। सीईओ श्री गोमे ने कहा कि जिला एवं जनपद स्तर पर गठित समितियों द्वारा ग्राम पंचायतों में जाकर भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन कार्य भी किया जाएगा इसलिए वास्तविक डाटा की प्रविष्टि पूरी सजगता एवं सावधानी के साथ करें। परीक्षण के दौरान अशुद्ध प्रविष्टियां पाए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### नल जल योजना प्रबंधन स्व सहायता समूहों को सौंपी जाने करें कार्यवाही

सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत योजना का प्रबंधन स्व सहायता समूह और ग्राम संगठन को सौंपे जाने के संबंध में भी समीक्षा की एवं अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण जल प्रदाय योजना का प्रबंधन बतौर बिल संग्रहक एवं संचालन का कार्य राज्य आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह अथवा ग्राम संगठन के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए। सीईओ श्री गोमे ने कहा कि विधि अनुरूप चयन कर एअनुबंध निष्पादन उपरांत अभिलेख सौंपे जाने हेतु त्वरित कार्यवाही करें। समीक्षा बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी उदय राज सिंहएसहायक नोडल अधिकारी योगेंद्र कुमार असाटी एसंजय सोंधिया अजय पांडे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ**
**डॉ. देबनाथ**
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित।

**किराए पर देना है।**
ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में 2000 वर्गफुट की पक्की गोदाम किराए पर देना है।
संपर्क करें
9329818689
9584450689

# मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के तहत महिलाओं के प्रशिक्षण हेतु लिए जा रहे आवेदन

**कटनी,यशभारत।** महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजनांतर्गत विपत्तिग्रस्त महिलायें यथा बलात्कार से पीडित महिला या बालिका दुर्व्यापार से बचाई गई महिलायें ऐसिड विक्टिम, दहेज प्रताडित, अग्नि पीडित कुआंरी मातायें या सामाजिक कुप्रथा की शिकार, परित्यकता,तलाकशुदा जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है एवं मानसिक रुप से विक्षिप्त न हो, आश्रयगृह, बालिका गृह अनुरक्षण गृह में निवासरत बालिका, महिला जो प्रशिक्षण लेना चाहती है। प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे वह रोजगार प्राप्त कर सके। सामान्य महिला की उम्र 45 वर्ष से कम हो। विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा एससी, एसटी, पिछडावर्ग के महिला होने की स्थिती में 50 वर्ष । प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार न्युनतम शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगी। यह प्रशिक्षण ऐसी संस्थाओं के माध्यम से दिया जायेगा, जिन संस्थाओं से जारी डिग्रीए प्रमाण पत्र शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में मान्य हो।

प्रशिक्षण पर होने वाला पूर्ण व्यय जिसमें प्रशिक्षण शुल्क आवासीय शुल्क भोजन एवं शिष्यवृति शामिल रहेगी, विभाग द्वारा वहन की जावेगी। हितग्राहियों का चयन जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा । योजनांतर्गत फार्मेसी ,नर्सिग, फिजियोथैरपी ,ब्यूटीशियन, कम्प्यूटर डिप्लोमा , शार्ट शार्ट टर्म मैनेजमेंट कोर्स, डी. एड, बी. एड, आई. टी. आई. पाठ्यक्रम हॉस्पिटालिटी, बैंकिग होटल ईवेन्ट मैनेजमेंट, प्रयोगशाला सहायक, अन्य प्रशिक्षण जो कि शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये जायेगें, एवं जो भी ट्रेड जिले में उपलब्ध होगा, में प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। इच्छुक महिलायें एवं जिले मे संचालित संस्थाये आवेदन का प्रारुप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, राय कालोनी जिला कटनी से प्राप्त कर जारी विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अंदर कार्य दिवसों में सायं 6 तक कार्यालय में जमा कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगे।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री जितेंद्र नामदेव पिता स्व. श्री गणेश प्रसाद नामदेव निवासी सावरकर वार्ड जिला कटनी म.प्र. की ओर से अधिकृत होकर एतद आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार ग्राम मौजा मुड़वारा प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. मुडवारा 01 राम मनोहर लोहिया वार्ड तहसील व जिला कटनी स्थित भूमि खसरा नंबर 307/5 रकबा 0.008 हे. अर्थात 900 वर्गफुट 83.64 वर्गमीटर जिसके भूतल में दुकान के लिए शटर लगी है एवं दीवार बनी हुई है। जो कि अधिनिर्माण के रूप में स्थित है का विक्रय का सौदा भूमि स्वामी मालिक विमल कुमार पटेल पिता रामसहाय पटेल निवासी राममनोहर लोहिया वार्ड कटनी का विक्रय सौदा श्रीमती नेहा सोनी पति श्री रीतेश सोनी राममनोहर लोहिया वार्ड जिला कटनी के माध्यम से मेरे पक्षकार द्वारा किया गया है तथा इकरारनामा उर्पयुक्त भूमि के संबंध में निष्पादित करवाया गया है। यह कि उपरोक्त भूमि के मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किये जाने के संबंध में किसी भी पक्षकार को या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मेरे पक्षकार मो. 7089019081 एवं मेरे कार्याधीन मो. 9826135851 में प्रकाशन के दिन से एक सप्ताह के भीतर तथा व्यक्तिगत संपर्क कर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा भूमि क्रय करने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावे विधि अनुसार शून्य माने जावेंगे। कटनी, दिनांक 11.10.2022

**राजेश कुमार पांडे, एडवोकेट**
**उच्च न्यायालय जबलपुर**




**प्लाट बेचना है**
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन

एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668


डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

# अमिताभ बच्चन का परिवार अंग्रेजी स्टाइल में केक काटकर नहीं मनाता बर्थडे, जया ने बताई प्रथा

***मुंबई, एजेंसी। कौन बनेगा करोड़पति में अमिताभ बच्चन के बर्थडे को खास बनाने उनकी पत्नी जया बच्चन और बेटे अभिषेक बच्चन शो पर पहुंचे थे। शो का प्रोमो कई दिनों से लोगों में इंट्रेस्ट जगा रहा था। एपिसोड में अभिषेक होस्ट के रूप में नजर आए वहीं जया बच्चन हॉट सीट पर थीं। उन्होंने बिग बी की टांग खिंचाई की, कुछ इमोशनल पल साझा किए साथ ही अपने परिवार की कुछ परंपराएं भी बताईं।***



इंट्रेस्टिंग बात ये है कि अभिषेक और जया की अपीयरेंस सीक्रेट रखा गया था। इस बात का पता अमिताभ बच्चन को नहीं था। अभिषेक बच्चन ने तैयारी का बीटीएस वीडियो शेयर करके बताया था कि इस एपिसोड की काफी तैयारी की गई थी।

## जया बच्चन ने खिलाई लापसी

कौन बनेगा करोड़पति के 11 अक्टूबर के एपिसोड में अभिषेक बच्चन और जया बच्चन की सरप्राइज एंट्री हुई थी। यह अमिताभ बच्चन का बर्थडे स्पेशल एपिसोड था। जया बच्चन ने शो में बिग बी को उत्तर प्रदेश की पॉप्युलर डिश लापसी खिलाई। साथ ही बताया कि उनके यहां ब्रेड का केक काटनी की प्रथा नहीं है। जया बच्चन बताती हैं, हमारे परिवार मं प्रथा है हम बर्थडे सॉन्ग नहीं गाते। केक नहीं काटते... हिंदुस्तानी मिठाई मिल्क केक खाते हैं।

## बिग बी की सास ने दिया मैसेज

एपिसोड में जया ने अमिताभ बच्चन की टांग खींची। वह बोलती हैं, मैंने देखा तो नहीं पर सुना है कि आप जब किसी के काम से प्रभावित होते हैं तो उन्हें फूल भेजते हैं। चिट्ठी भेजते हैं। वैसे आज तक मुझे कभी नहीं भेजा। अमिताभ बच्चन की सास ने भी उनको आशीर्वाद दिया और कहा, तुम्हें देखने का बहुत मन करता है, एक दिन के लिए आ जाना।



एपिसोड में अमिताभ बच्चन कई बार रोए। सबसे पहले वह अभिषेक बच्चन ने सरप्राइज एंट्री मारी तो बिग बी इमोशनल हो गए। वहीं बेटी श्वेता बच्चन के कन्यादान की तस्वीरें दिखाई गई तब भी अमिताभ बच्चन आंसू नहीं रोक पाए। ये भी पढ़ें- कर्ज में डूबे अमिताभ बच्चन को गालियां देकर जाते थे लोग, जानें एक सही कदम ने कैसे बदली जिंदगी

## खूब रोए अमिताभ बच्चन

अभिषेक ने कविता के जरिये अपनी भावनाएं रखीं और कहा, मैं आपसे वादा करता हूं पा कि जब भी आपकी जिंदगी में कोई दुख या दर्द आएगा, आपका ये बेटा आपकी लाइफलाइन बन जाएगा। यह सुनकर अमिताभ बच्चन तो रोए साथ में अभिषेक भी भावुक हो गए।

# राम सेतु में सलमान खान ने दिया है गेस्ट अपीयरेंस?

**मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म राम सेतु का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस और नुसरत भरूचा ने भी अहम किरदार निभाए हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अक्षय कुमार की फिल्म रामसेतु में सलमान खान ने भी गेस्ट अपीयरेंस दिया है? चौंकने की जरूरत नहीं है। असल में कुछ फैंस ने सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर का एक सीन शेयर किया है, जिसे यूजर्स ने एडिट कर दिया है।**

## अक्षय वाले सीन में सलमान खान!




फिल्म के ट्रेलर में एक सीन है जिसमें अक्षय कुमार एक कार के बोनट पर से जंप मारते हैं। इस सीन में कार किसी ऑब्जेक्ट से टकराती है और बैकग्राउंड में भी धमाका होता है। किसी यूजर ने इस फोटो को एडिट करके कार चलाने वाले ड्राइवर की जगह पर सलमान खान की फोटो लगा दी है। बता दें कि सलमान खान को हिट एंड रन केस के लिए आज भी ट्रोल किया जाता है।

## ट्विटर पर जमकर हो रही शेयरिंग

राम सेतु के ट्रेलर का यह सीन पहले तो नॉर्मल ही लगता है, लेकिन जब आपका ध्यान गाड़ी चला रहे ड्राइवर पर जाता है तो हंसी रोकना मुश्किल हो जाता है। ट्रोल्स इस सीन को राम सेतु में सलमान खान का गेस्ट अपीयरेंस बताकर शेयर कर रहे हैं। जाहिर तौर पर फिल्म में सलमान खान नहीं हैं लेकिन यह एडिटेड सीन आपको कुछ देर को एक्साइटेड जरूर करता है।

## ट्रेलर को मिल रहा ऐसा रिस्पॉन्स

बता दें कि फिल्म राम सेतु की कहानी पूरी तरह से काल्पनिक है लेकिन इसे सत्य घटनाओं और रामायण से जुड़े साक्ष्यों के इर्द-गिर्द रचा गया है। फिल्म अनाउंसमेंट के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई थी लेकिन देखना होगा कि बॉक्स ऑफिस पर यह क्या कमाल दिखा पाती है। फिल्म के ट्रेलर को सोशल मीडिया पर मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# Mohit Malik और Aditi Shirwaikar के घर दूसरी बार गूंजेगी किलकारी?

अभिनेता मोहित मलिक ने कई शोज में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। बनूं मैं तेरी दुल्हन, डोली अरमानों की और कुल्फी कुमार बाजेवाला जैसे शोज में नजर आ चुके मोहित की तगड़ी फैन फॉलोइंग है और फैन्स उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में भी जानने के लिए उत्साहित रहते हैं। मोहित मलिक की शादी अभिनेत्री अदिति शिरवाइकर से हुई है और दोनों टीवी जगत के क्यूट कपल्स में शुमार होते हैं। मोहित और अदिति का एक बेटा एकबीर है और हाल ही में खबरें सामने आई कि कपल के घर दूसरी बार किलकारी गूंजनी वाली है। ऐसे में मोहित ने इंस्टा स्टोरी पर एक नोट शेयर किया...

## मोहित का इंस्टा नोट

हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि अदिति दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं और जल्दी ही कपल के यहां दूसरी बार किलकारी गूंजनी वाली है। इन खबरों से मोहित और अदिति के फैन्स काफी खुश भी हो गए थे लेकिन आपको बता दें कि ये फेक न्यूज है। हाल ही में मोहित ने उनके इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया और लिखा, %ऐसी कुछ अफवाहों हैं कि अदिति को दूसरा बच्चा होने वाला है, हालांकि ये पूरी तरह से गलत है। दोस्तों




आपसे निवेदन है कि ऐसी खबरों पर विश्वास न करें।

## 2021 में बेटे को दिया था जन्म

याद दिला दें कि मोहित और अदिति की शादी साल 2010 में हुई थी और उसके बाद से ही दोनों आइडल कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के करीब 11 साल बाद मोहित और अदिति के घर 27 अप्रैल 2021 को किलकारी गूंजी थी और एक्ट्रेस ने एक बेटे को जन्म दिया था। मोहित और अदिति के बेटे का नाम एकबीर है। अदिति और मोहित बेटे पर खूब प्यार लुटाते हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर फोटोज और वीडियोज शेयर करते हैं।

खतरों के खिलाड़ी 12 में नजर आए थे मोहित

बता दें कि मोहित आखिरी बार रोहित शेट्टी के स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी 12' में नजर आए थे। शो में मोहित ने तगड़ा परफॉर्म किया था और शो के फिनाले तक पहुंचे थे। वैसे तो मोहित ने कई शोज में काम किया है, लेकिन टीवी शो डोली अरमानों की में निगेटिव किरदार के लिए मोहित को काफी ज्यादा पसंद किया गया था। इस शो में उनके साथ एक्ट्रेस नेहा मर्दा नजर आई थीं।



# जंजीर और अमिताभ पर जावेद ने कही ऐसी बात, धर्मेंद्र बोले- दिखावे की इस दुनिया में हकीकतें दबी रह जाती है

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के %शहंशाह% अमिताभ बच्चन ने बीते दिन (11 अक्टूबर) को 80वां जन्मदिन मनाया। एक ओर जहां सिनेमालवर्स और अमिताभ के फैन्स के बीच इसका खास उत्साह देखने को मिला तो दूसरी ओर सेलेब्स ने भी बच्चन साहब को बधाई दी और अलग अलग किस्से साझा किए। ऐसे में जावेद अख्तर ने फिल्म जंजीरका जिक्र करते हुए बताया कि ये फिल्म धर्मेंद्र के लिए लिखी गई थी, लेकिन उन्होंने मना कर दी थी। धर्मेंद्र के बाद कई सेलेब्स ने इसे मना किया और फिर ये फिल्म अमिताभ के पास पहुंची। इसके बाद की बात तो सिनेमा के इतिहास है, जिसे सभी जानते हैं।दरअसल बीते दिन अमिताभ बच्चन ने अपना 80वां जन्मदिन मनाया। अमिताभ के बर्थडे को लेकर बीते कुछ दिनों से हर जगह उन ही का जिक्र था। ऐसे में इंडिया टुडे से बातचीत के दौरान जावेद अख्तर ने बताया कि कैसे जंजीर, अमिताभ नहीं बल्कि धर्मेंद्र के लिए लिखी गई थी, लेकिन उनके मना करने के बाद कई और सेलेब्स ने इसे मना किया और आखिरकार फिल्म अमिताभ बच्चन को मिली। जावेद की इस बात पर अब धर्मेंद्र ने रिएक्ट किया है।

# कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर कब बजेगा बैंड- बाजा, शादी के डिटेल्स हुए लीक!



**मुंबई, एजेंसी। सेलेब्स की पर्सनल लाइफ के बारे में जानने के लिए फैन्स अक्सर एक्साइटिड दिखते हैं और उनका इंट्रेस्ट और भी बढ़ जाता है, जब बात किसी सेलेब्रिटी के रिलेशनशिप की होती है। बॉलीवुड के हैंडसम एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ( और बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अक्सर उनके रिलेशनशिप को लेकर खबरों में रहते हैं।**

फिल्म शेरशाह में दोनों की कैमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीता और कहा जाता है कि इस फिल्म से ही दोनों रियल लाइफ में भी एक दूसरे के करीब आ गए। इस बीच अब दोनों के शादी की खबरें सामने आ रही हैं।

## दिल्ली में होगी शादी!

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा की शादी को लेकर खबरें सामने आ रही हैं। जी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक ये कपल अप्रैल में शादी के बंधन में बंध सकता है। कहा जा रहा है कि पहले दोनों अपनी शादी को रजिस्टर करवाएंगे और उसके बाद इसका जश्न मनाया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों दिल्ली में शादी करेंगे और कॉकटेल पार्टी से लेकर रिसेप्शन तक की पूरी तैयारी हो गई हैं।

## बीते दिनों ब्रेकअप की थी खबरें

याद दिला दें कि कुछ दिनों पहले सिद्धार्थ और कियारा के ब्रेकअप की खबरें तेजी से सामने आई थीं। कहा जा रहा था कि दोनों के रिश्ते में खटास आ गई है और दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया है। हालांकि जब फिल्म भूल भुलैया 2 के एक इवेंट में सिद्धार्थ और कियारा फिर साथ में नजर आए तो कहा गया कि अब दोनों के बीच सब ठीक हो गया है।

## कियारा और सिद्धार्थ के प्रोजेक्ट

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी की खबरों में कितनी सच्चाई है इस बारे में तो पुख्ता तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता है, लेकिन फैन्स इन खबरों से काफी खुश हैं। याद दिला दें कि कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म शेरशाह में साथ काम किया है। फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। बात दोनों के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की करें तो सिद्धार्थ के खाते में थैंक गॉड, मिशन मजनू और योद्धा फिल्में शुमार हैं। जबकि कियारा जल्दी ही सत्यप्रेम की कथा, गोविंदा मेरा नाम और एसवीसी 50 में जलवा बिखेरती नजर आएंगी।

# भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने शेयर किया बेडरूम से वीडियो कहा- जिया बेकरार हो रहा है पिया

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह हर दिन अपनी कई फोटोज और मजेदार वीडियो शेयर करती हैं। अब रानी ने अपना नया वीडियो शेयर किया है जिसमे वह अपने बेडरूम में नजर आ रही हैं। रानी ने इस दौरान ब्लू कलर की साड़ी पहनी है और मांग में सिंदूर, गले में मंगलसूत्र पहना है। वीडियो में वह बेड पर लेटे हुए एक गाने की लिप सिंक कर रही हैं जिसका नाम है जियरा होकेला बेकरार पिया। रानी के एक्सप्रेशन एक दम शानदार हैं और उनके इस वीडियो को देखकर फैंस भी उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

कोई कमेंट कर रहा है कि आपकी जैसी अदाएं किसी में नहीं हैं तो कोई कमेंट कर रहा है कि बेकरार तो आप लग रही हैं रानी। रानी ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है कि ये उनका फेवरेट गाना है। बता दें कि जिस गाने पर रानी लिप सिंक कर रही हैं वो पमेला जैन ने गाया है।

बता दें कि रानी न दिनों सौगंध भोलेनाथ की फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में रानी के साथ समर सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म को सूर्यकांत ताम्रदमन डायरेक्ट कर रहे हैं और वही इस फिल्म के लेखक हैं।



अपकमिंग फिल्में

कुछ दिनों पहले रानी ने फिल्म के सेट से अपने लुक की फोटोज शेयर कर लिखा था, नई फिल्म, नया किरदार, सौगंध भोलेनाथ की। मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे हर किरदार निभाने का मौका मिलता है।

इसके अलावा रानी फिल्म गंगा और गीता में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में रानी पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाएंगी। बता दें कि इससे पहले भी रानी पुलिस का किरदार निभा चुकी हैं। फिल्म से अपने लुक की फोटो शेयर कर रानी ने लिखा था, दोबारा पुलिस वाली, गंगू और गीता की शूटिंग।

माही श्रीवास्तव ने फिर लूटी महफिल, हिट हुआ भोजपुरी गाना नजरें में कजरे बन के

रानी के बारे में बता दें कि वह भोजपुरी की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। रानी की सोशल मीडिया पर 1.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इसके अलावा वह कमाई में भी किसी से कम नहीं हैं। वह भोजपुरी इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल हैं।



# तारक मेहता फेम दिशा वकानी को हुआ गले का कैंसर? बदली आवाज को बताया जा रहा वजह

मुंबई, एजेंसी। तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम दिशा वकानी को लेकर एक शॉकिंग खबर आ रही है। रिपोर्ट्स हैं कि उनको गले का कैंसर हुआ है। इसकी वजह शो में उनकी अजीब तरह की आवाज को बताया जा रहा है। हालांकि दिशा की तरफ से इस बारे में कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं हैं। उनके गले में कुछ दिक्कत होने की खबरों के बाद रिपोर्ट्स हैं कि उन्हें थ्रोट कैंसर हुआ है। बता दें कि शो में नट्टू काका का रोल करने वाले घनश्याम नायक का 77 साल की उम्र में गले के कैंसर से निधन हो चुका है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में दया बेन लोगों का चहेता किरदार है। दिशा वकानी इस रोल से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं। लंबे वक्त से वह शो से गायब हैं। लोगों को उम्मीद है कि वह जल्द वापसी करेंगी। हालांकि प्रोड्यूसर असित मोदी बता चुके हैं कि दिशा की जगह कोई और दया बेन का किरदार निभाएगा। इस बीच खबरें आ रही थीं कि दिशा वकानी को गले में कुछ दिक्कत हुई है। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में आ रहा है कि दिशा को थ्रोट कैंसर हुआ है, इसीलिए वह शो पर वापसी नहीं कर रही हैं। इन खबरों से फैन्स परेशान हैं। कुछ वक्त पहले ईटाइम्स से बातचीत में शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने कहा था कि शादी के कुछ वक्त बाद दिशा ने काम किया था। इसके बाद ब्रेक लिया और वह मां बनीं। बच्चे की देखभाल के लिए उन्होंने ब्रेक जारी रखा लेकिन शो नहीं छोड़ा था। असित ने कहा था, हमको उम्मीद थी कि दिशा लौटेंगी। तभी पेंडेमिक आ गया। हम सावधानी बरत रहे थे लेकिन दिशा ने कहा कि वह लौटने में डर रही हैं।

# महावीर कालोनी में चल रहा था ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा

## किराए के फ्लैट से 6 बुकी गिरफ्तार, नगदी, 40 मोबाइल, लैपटाप सहित अन्य सामान बरामद







**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत झिंझरी स्थित महावीर कालोनी के लैट नंबर 403 में पुलिस ने मंगलवार रात लगभग साढ़े 8 बजे छापा मारकर भारत-साउथ अफ्रीका के बीच खेले जा रहे अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैच के दौरान ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे छह बुकी को गिर तार किया है। आरोपियों के पास से 40 मोबाइल, तीन लैपटॉप सहित एक करोड़ से अधिक की सट्टा-पट्टी भी जप्त की गई है। आरोपी किराए पर लैट लेकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का संचालन कर रहे थे। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को मुखबिर ने ऑनलाइन सट्टे के संचालन की सूचना दी। सूचना पर एसपी ने कार्रवाई के लिए एक टीम का गठन किया। जिसके बाद टीम में शामिल नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर, साइबर प्रभारी उदयभान सिंह सहित बड़ी सं या में पुलिस बल ने मुखबिर के द्धारा बताए गए महावीर कालोनी के लैट नंबर 403 की घेराबंदी करके छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने लैअ के अंदर 6 बुकियों को गिर तार कर ऑनलाइन सट्टा में प्रयुक्त सामग्री को जप्त किया। कार्रवाई के दौरान सटोरियों के पास से 40 से अधिक मोबाइल, तीन लैपटॉप, टीवी, सेटटॉप बॉक्स सहित 7 हजार रुपए नगद भी जप्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि बुकियों के पास से 1 करोड़ रुपए से अधिक की बुकिंग मिली है। दीपांकर मुखर्जी के नेतृत्व में क्रिकेट सट्टे का अवैध कारोबार चल रहा था। पुलिस ने मौके से दीपक परौहा, सुनील, विजय कुमार, ओम प्रकाश, रोहित पंजवानी, रोहित (बिलासपुर निवासी) को पकड़ा है। आरोपियों के पास से कई वाहनों की नंबर प्लेट भी मिली हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### कई प्रदेशों से जुड़े तार

क्रिकेट सट्टे के तार कई प्रदेशों से जुड़ रहे हैं। महावीर कॉलोनी में कटनी सहित छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेशों से जुड़े लोग ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे। इन सटोरियों का ऑनलाइन कारोबार किस शहर से संचालित हो रहा था और उतारा कहां कर रहे थे, इसकी जांच शुरू हो गई है। सूचना मिलते ही ही साइबर टीम एक्टिव हो गई है। बुकियों द्वारा किए गए ट्रांजेक्शन के आधार पर पता लगाया जा रहा है। क्रिकेट सट्टे के मु य सरगने का भी पता लगाया जा रहा है।

### इनका कहना है

महावीर कॉलोनी में क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा खिलाए जाने की मुखबिर ने सूचना दी थी। टीम बनाकर जांच कराई गई। मौके पर से सट्टे में प्रयुक्त की जाने वाली बड़ी मात्रा में सामग्री जप्त की गई है। सटोरियों के पास से एक करोड़ रुपए से अधिक की बुकिंग मिली है। मामले की जांच जारी है।

- सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक

## बरही से फिर मोटरसायकल चोरी

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत एक बार फिर बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरही के वार्ड नंबर 7 निवासी राहुल ताम्रकार पिता रामभवन ताम्रकार की अज्ञात बदमाश ने मोटरसायकल क्रमांक एम.पी.21एमपी-3987 पार कर दी। उपनिरीक्षक एम एल चौधरी ने बताया कि शिकायत अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी गई है।

## ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत, एक की नहीं हुई शिनाख्त

कटनी, यशभारत। कटनी-सिंगरौली व कटनी-बीना रेलखंड पर ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत के मामले में प्रकाश में आए हैं। जिसमें से एक की शिना त हो गई है जबकि दूसरे युवक के बारे में अभी कुछ भी जानकारी पुलिस को नहीं मिली है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर ग्राम बेहड़ी सल्हना के पास बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम बसाड़ी निवासी 18 वर्षीय अनुज पिता हीरालाल विश्वकर्मा की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। इसी प्रकार रीठी रेलवे स्टेशन के समीप गेट पर एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कट जाने के कारण जान चली गई। युवक की शिना त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।




# राहगीरों पर बीयर की बोतल से हमला

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गायत्री नगर पुलिया के पास एक मानसिक विक्षिप्त युवक ने दो युवकों पर पर बियर की बोतल से हमला कर दिया। हमले के दौरान युवक के बियर की बोतल फोड़कर गला काटने का प्रयास किया।




राहगीरों ने दोनों युवकों को हमला करने वाले मानसिक विक्षिप्त युवक से बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम सरसवाही निवासी पप्पू उर्फ दिनेश पिता गणेश विश्वकर्मा अपने साथी एनकेजे निवासी दीपू शुक्ला के साथ सुक्खन चौक जा रहा था। इस दौरान गायत्री पुलिया के पास सायकल में खराबी आ गई। जिस पर दोनों पुलिया के नीचे ही सायकल में सुधार करने लगे। तभी एक युवक वहां पर आया और दोनों पर हमला कर दिया। युवक ने दीपू शुक्ला के हाथ पर बियर बोतल मारी। जिसके कारण बोतल फूट गई। फूटी हुई बोतल से हमला करने वाले युवक ने पप्पू विश्वकर्मा के गले पर हमला कर दिया। दोनों युवकों को राहगीरों ने बचाते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। राहगीरों ने हमला करने वाले युवक की पिटाई भी कर दी है।

लोगों का कहना है कि हमला करने वाला युवक मानसिक रुप से विक्षिप्त है। वहीं दीपू शुक्ला के हाथ और पप्पू विश्वकर्मा के गले में गंभीर चोट आई है। दोनों घायल का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। गले में चोट के कारण पप्पू विश्वकर्मा की हालत गंभीर बनी हुई है।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)